Ranchi ● Tuesday, 01 July 2025 ● Year : 03 ● Issue : 166 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published From Ranchi
डॉक्टर्स डे आज

SHARE

सेंसेक्स	:	83,606.46
निफ्टी	:	25,517.05

SARAFA

सोना	:	9,095
चांदी	:	119.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर प्रतिबंध हटा

DEHRADUN : उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते चारधाम यात्रा को पिछले 24 घंटों के लिए स्थगित किया गया था। अब चारधाम यात्रा से प्रतिबंध हटा लिया गया है। मौसम को देखते हुए यात्रा मार्ग पर वाहन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर शंकर पांडेय ने यह जानकारी दी। कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चारधाम यात्रा पर 24 घंटे का प्रतिबंध हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले जिलों के जिलाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में मौसम की स्थिति के आधार पर वाहनों को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। गढ़वाल कमिश्नर ने बताया कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाया जाया जा रहा है ताकि मार्गों पर फंसे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा सके।

चार बांग्लादेशी घुसपैठियों को पुलिस ने दबोचा

MANKACHAR : दक्षिण शालमारा-मानकाचर जिले के भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे झगरारचर इलाके से चार बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और मानकाचर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। चारों अवैध रूप से भारतीय सीमा में प्रवेश कर चुके थे। लेकिन बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन्हें समय रहते पकड़ लिया। फिलहाल सभी को संजय सादु बीएसएफ कैंप में रखा गया है। पुलिस की गिरफ्त में आए चारों धुसपैठियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद वापस बंग्लादेशियों भेजा जाएगा।

मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, बम निष्क्रिय

IMPHAL : उग्रवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक बम को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि इंफाल पश्चिम जिले में एक संयुक्त टीम ने लामडेंग अवांग लेईकाई से एक उग्रवादी युमनाम प्रेमकुमार सिंह उर्फ नोंगथांग (31) को गिरफ्तार किया। इसके अलावा इंफाल ईस्ट जिले के नोंगपोक संजेनबाम खुल्लेन से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी-नोयोन/एमएफएल) से जुड़े मनोहरमायुम कबीचंद्र शर्मा उर्फ राजो (28) को गिरफ्तार किया। एक अन्य अभियान में पीआरओ के एक कैडर कंगाबाम राजू सिंह उर्फ पुरेल (42) को इंफाल पश्चिम के सिंगजामेई पुलिस स्टेशन अंतर्गत हीरांगोइथोंग में फिश आर्केड शॉप के पास से पकड़ा गया।

भोगनाडीह में होने वाले कार्यक्रम के पूर्व जमकर हुआ हंगामा, प्रशासन ने किया बल प्रयोग

हूल दिवस पर ग्रामीणों और पुलिस में झड़प चले तीर-पत्थर, दागे गए आंसू गैस के गोले

PHOTON NEWS SAHIBGANJ : सोमवार को हूल दिवस के अवसर पर भोगनाडीह में होने वाले कार्यक्रम के पूर्व जमकर हंगामा हुआ। बताया जा रहा है कि भोगनाडीह स्थित सिदो-कान्हू पार्क का ताला टूटने से आदिवासी समुदाय के लोग भड़क गए। उन्होंने पुलिस जवानों पर तीर-पत्थर से हमला कर दिया। इसमें तीन पुलिस जवान घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। घायल पुलिस जवानों को इलाज के लिए भेजा गया है। घटना के बाद भोगनाडीह में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है। मौके पर डीसी हेमंत सती, एसपी अमित कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी पहुंच गए। हालांकि अब स्थिति सामान्य है। ताला खुलने के बाद लोग पार्क पहुंचे और सिदो कान्हू, चांद भैरव व फूलो झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

पुलिस के तीन जवान हो गए घायल, घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बलों को किया गया तैनात

सिदो-कान्हू पार्क का ताला टूटने से भड़क गए आदिवासी समुदाय के लोग

घटनास्थल पर पहुंचे डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी, स्थिति सामान्य

हर साल की तरह इस वर्ष भी हो रहा था कार्यक्रम

फाउंडेशन के समर्थकों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी वे हूल दिवस पर कार्यक्रम कर रहे थे। लेकिन, प्रशासन ने उनकी अनुमति को दरकिनार कर देर रात पंडाल हटा दिया। इसी बात को लेकर आक्रोश फूटा। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस की ओर से 10 राउंड आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

पूजा करने की प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

हूल दिवस पर वंशज मंडल मुर्मू के परिजन और परिवार के अन्य सदस्य सिदो-कान्हू की पूजा करते हैं और गंगा के पवित्र जल में स्नान कराते हैं। उसके बाद ही मुख्यमंत्री या कोई अन्य पूजा व माल्यार्पण करता है। इस बार जिला प्रशासन ने वंशजों को इसकी अनुमति नहीं दी गई। प्रशासन के मौखिक आदेश पर सुबह 10 बजे से पहले और शाम 4 बजे के बाद पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसको लेकर वंशज के परिजन पिछले तीन दिनों से आक्रोशित हैं। पुलिस ने अस्थायी पंडाल को हटा दिया था। इसके विरोध में वंशज के परिजन व समर्थकों ने सोमवार की सुबह सिदो कान्हू भोगनाडीह पार्क में ताला जड़ दिया। साथ ही किसी के लिए भी पूजा की अनुमति पर रोक लगा दी गई।

पंडाल बना रहे 13 मजदूरों को पुलिस ने लिया था हिरासत में

पहले दिन मंडल मुर्मू के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। इसके जरिए पुलिस प्रशासन का विरोध किया गया। शनिवार की रात कार्यक्रम के लिए पंडाल बना रहे 13 मजदूरों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इसके विरोध में सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आदिवासियों ने पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और पार्क में ताला जड़ दिया। साथ ही चुड़का खोदकर सरकारी कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा बनाए जा रहे पंडाल के काम को रोक दिया। इस मामले में पुलिस प्रशासन और शहीद के वंशज मंडल मुर्मू व अन्य लोगों से वार्ता हुई। लेकिन, आंदोलनकारी 13 मजदूरों को छोड़ने और कार्यक्रम की अनुमति देने पर अड़े रहे। बाद में हिरासत में लिए गए मजदूरों को छोड़ा गया और कार्यक्रम की मौखिक अनुमति दी गई। लेकिन, इसके बाद हंगामा हो गया।

संगारेड्डी जिले में रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण अचानक हुआ हादसा

तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में ब्लास्ट 12 मजदूरों की दर्दनाक मौत, 34 जख्मी

- कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी धमाके की आवाज, स्थानीय लोगों में दहशत
- घंटों मशक्कत के बाद दमकल की 10 गाड़ियों ने विस्फोट के बाद लगी आग पर पाया काबू
- मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मिलेंगे दो-दो लाख रुपये

AGENCY HYDERABAD : सोमवार को तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में हो गया। इसकी चपेट में आकर 12 मजदूरों की मौत हो गई। 34 अन्य घायल हो गए। तेलंगाना के मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया और अधिकारियों को फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाने तथा उन्हें आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री नरसिम्हा ने संवाददाताओं से कहा, 12 लोगों की मौत हो गई और 34 लोग उपचाराधीन हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा, सुबह आठ लोगों की मौत हो गई। अब और चार शव बरामद किए गए हैं। दोनों मंत्रियों ने घटनास्थल का दौरा किया। यह विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुआ। विस्फोट के कारण वहां आग भी लग गयी।

फैक्ट्री में 150 लोग थे मौजूद, घायलों को आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश

पीएम मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

धमाके से कई मीटर दूर जा गिरे मजदूर

एक मजदूर ने बताया कि मैं सुबह 7 बजे नाइट शिफ्ट पूरी करके बाहर निकला था। सुबह की शिफ्ट का स्टाफ अंदर आ चुका था। धमाका करीब करीब 8 बजे हुआ। शिफ्ट में मोबाइल जमा हो जाता है, इस वजह अंदर काम कर रहे लोगों की कोई खबर नहीं मिल पाई। एक मजदूर की महिला परिजन ने बताया कि उनके परिवार के चार लोग फैक्ट्री में काम करते हैं। इनमें उनका बेटा, दामाद, जेठ और देवर शामिल हैं। इनमें से तीन सुबह की शिफ्ट में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि वहां काम कर रहे मजदूर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरे। विस्फोट की वजह से रिएक्टर यूनिट तबाह हो गई है।

'हूल हमारी ताकत हूल हमारी पहचान'

सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन ने नई दिल्ली में 1855 में स्वतंत्रता की लड़ाई के अग्रगण्य भारत माता के वीर सपूत सिदो-कान्हू को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम ने कहा कि हूल दिवस हमारे लिए संकल्प का दिन है, हूल हमारी ताकत है, हूल हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि आदरणीय बाबा दिशोम गुरुजी अभी अस्वस्थ हैं, इस कारण भोगनाडीह की क्रांतिकारी, वीर भूमि पर नहीं आ पाए।

सिदो-कान्हू को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि

रांची में हुई 198 प्रतिशत से अधिक औसत बारिश

RANCHI : झारखंड में सबसे अधिक राजधानी रांची में बारिश हुई है। रांची में अब तक औसत से 198 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। रांची में 190 .7 मिमी की तुलना में 568 .4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। यह आंकड़ा मौसम विभाग की ओर से एक जून से 29 जून तक दर्ज की गई है। वहीं राज्य के जिन जिलों में अधिक बारिश दर्ज की गई है, उनमें लातेहार में औसत से 190, सरायकेला-खरसावां में 144,रामगढ़ में 136, पूर्वी सिंहभूम में 137, लोहरदगा में 108, सिमडेगा 91, पश्चिमी सिंहभूम में 84 और खूंटी 89 प्रतिशत अधिक औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है। वहीं पूरे झारखंड में 181.4 मिमी के मुकाबले 327 .5 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। यह औसत बारिश से 81 प्रतिशत अधिक है। इधर, रांची सहित कई जिलों में भारी बारिश को लेकर एक जुलाई को ऑरेंज अलर्ट और दो जुलाई को येलो अलर्ट जारी किया है।

डॉक्टर्स डे स्पेशल

प्राकृतिक चिकित्सा की ओर लौटता विश्वास

Phyto-Biotic चिकित्सा प्रणाली – जब प्रकृति बन जाए सबसे बड़ा चिकित्सक

विशेषज्ञ : डॉ. पिंकी
(Phytobiotic Specialist & Food Science Expert)

आज के आधुनिक युग में जब दवाइयों और मशीनों की भरमार है, तब भी कई बार इलाज अधूरे रह जाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जो बीमारियाँ आधुनिक विज्ञान भी पूरी तरह नहीं समझ पाया -- उनका समाधान प्रकृति के पास सदियों से मौजूद है?

Dr. Pinky और **Phyto-Veda** के विशेषज्ञ इसी सिद्धांत पर कार्य करते हुए, प्राकृतिक जड़ वाले वृक्षों, जड़ी-बूटियों और खनिजों को आधुनिक वैज्ञानिक दायरों में प्रस्तुत करते हैं।

प्रकृति क्यों है सबसे श्रेष्ठ चिकित्सक?

1. हर बीमारी का इलाज प्रकृति में उपलब्ध है
- चाहे सूजन हो, मेटाबॉलिज्म की समस्या हो, हार्मोनल असंतुलन या मानसिक विकार - पेड़-पौधे, जड़ी-बूटियाँ और प्राकृतिक खनिज इन सभी का समाधान हैं।

2. बिना साइड इफेक्ट का इलाज
- Phyto-Biotic फॉर्मूले 100% प्राकृतिक होते हैं, और ये शरीर के साथ तालमेल बनाकर काम करते हैं - किसी तरह की निर्भरता या नुकसान नहीं होता।

3. बीमारी की जड़ तक असर
- यह केवल लक्षणों को दबाने की बजाय, बीमारी की जड़ को पहचान कर उसे दूर करने में मदद करता है।

4. कुल स्वास्थ्य संतुलन
- Phyto-Biotic उपचार शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित रखते हुए समग्र कल्याण प्रदान करता है।

Phyto-Veda में Phyto-Biotic क्यों चुनें?

Dr.Pinky के मार्गदर्शन में, Phyto-Veda ने 3000+ बीमारियों पर शोध करके इनमें उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। इनमें शामिल हैं: ऑटिज्म, थायरॉइड विकार, कैंसर, पीसी ओडी, डिप्रेशन, लिवर सिरोसिस, हार्मोनल असंतुलन आदि।

* यह उपचार न केवल शरीर को स्वतंत्र बनाता है, बल्कि इसे आत्म-उपचार की क्षमता से लैस करता है। Phyto-Veda की हर बूँद में है प्राकृतिक जीवनशक्ति, जो आधुनिक दवाओं की तुलना में कहीं अधिक प्रभावशाली और सुरक्षित है।

डॉक्टरों के लिए एक नई चिकित्सा दिशा

इस डॉक्टर्स डे पर, आइए हम यह संकल्प लें कि हम अपने रोगियों को सिर्फ एलोपैथिक दबाव या दवा नहीं, बल्कि प्राकृतिक उपचार की गहन शक्ति भी प्रदान करेंगे। Dr.Pinky और Phyto-Veda की टीम मानती है कि 7 II/Phyto-Biotic उपचार भविष्य की चिकित्सा प्रणाली की नींव है-जहाँ प्रकृति स्वयं चिकित्सक बने।

'जहाँ विज्ञान थम जाता है, वहाँ से प्रकृति का चमत्कार आरंभ होता है।'
Dr.Pinky एवं Phyto-Veda आपके जीवन का प्राकृतिक संरक्षक।

advt

चिंताजनक अंधाधुंध विकास के लेटेस्ट मॉडल ने पैदा किया बड़ा खतरा

वायुमंडल में खतरे की सीमा को टच कर रहा कार्बन डाइऑक्साइड

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : वायुमंडल में मौजूद हवा एक ऐसा मिश्रण है, जिसमें प्राण वायु ऑक्सीजन भी है और जल निर्मित करने वाली गैस हाइड्रोजन भी। इसके साथ ही हवा में प्राणियों के शरीर से निकली कार्बन डाइऑक्साइड गैस भी है। हवा में इन सभी गैसों की मात्रा का संतुलन सभी जीवों के लिए जरूरी है। संतुलन बिगड़ने से जीवन के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो जाता है। विगत दशकों में तमाम विकास के कार्यों और मानव की अनपेक्षित गतिविधियों के कारण वायुमंडल की हवा में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा का बढ़ना भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। हाल में हुए रिसर्च में इस खतरे की विस्तार से जानकारी दी गई है। रिसर्च से मिली जानकारी के अनुसार, वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ती मात्रा अब खतरे की अंतिम सीमा को छूने लगी है। मई 2025 में इसका स्तर 430 भाग प्रति मिलियन (पीपीएम) के पार चला गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह न केवल पृथ्वी के तापमान को बढ़ा रहा है, बल्कि समुद्री जीवन से लेकर मौसमी बदलाव तक व्यापक स्तर पर तबाही का कारण बन रहा है।

मई 2025 में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर पहुंचा 430 भाग प्रति मिलियन के पार

पिछले साल की तुलना में इस बार पर्यवेक्षण में 3.6 पीपीएम पाया गया है अधिक

- लंबे समय से पृथ्वी के नॉर्मल टेंपरेचर में लगातार देखी जा रही वृद्धि की तेज गति
- समुद्री जीवन से लेकर मौसमी बदलाव तक व्यापक स्तर पर बन रहा तबाही का कारण
- कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के स्क्रिप्स ओशियानोग्राफी संस्थान व अमेरिकी एनओएए के वैज्ञानिकों ने किया विशेष अध्ययन

औद्योगिक उत्पादन और अनियंत्रित परिवहन व्यवस्था में तत्काल परिवर्तन की जरूरत

समुद्रों में घट रही ऑक्सीजन की मात्रा

वायुमंडलीय सीओ2 न केवल पृथ्वी की सतह पर तापमान बढ़ा रही है, बल्कि समुद्रों के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है। जब सीओ2 समुद्री जल में घुलती है, तो वह उसे अधिक अम्लीय बना देती है। इससे झींगे, सीप, मूंगे जैसे जीवों के खोल कमजोर हो जाते हैं। इससे समुद्रों में ऑक्सीजन की मात्रा भी घट रही है। यह समुद्री जीवन के लिए अत्यंत घातक है।

मौना लोआ वेधशाला का वातावरण

मई 2025 के दौरान हवाई स्थित मौना लोआ वेधशाला पर किए गए पर्यवेक्षण में पाया गया कि वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का औसत स्तर 430 .2 पीपीएम तक पहुंच गया। यह जानकारी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के स्क्रिप्स ओशियानोग्राफी संस्थान और अमेरिका की राष्ट्रीय समुद्री वायुमंडलीय संस्था (एनओएए) के वैज्ञानिकों ने दी है। मौना लोआ वेधशाला वातावरण में मौजूद सीओ2 की निगरानी के लिए दुनिया की सबसे अहम जगह मानी जाती है। एनओएए के अनुसार, मई 2025 में यह औसत 430 .5 पीपीएम दर्ज किया गया। यह मई 2024 की तुलना में 3 .6 पीपीएम अधिक है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी के लहजे में बताया है कि इस संकट के लिए जिम्मेदार कोई और नहीं, बल्कि मानव समाज खुद है। जीवाश्म ईंधनों जैसे कोयला, डीजल, पेट्रोल का अत्यधिक इस्तेमाल, तेजी से होती वनों की कटाई, बढ़ते औद्योगिक उत्पादन और अनियंत्रित परिवहन व्यवस्था ने धरती को इस स्थिति तक पहुंचाया है।

प्रिंस खान पर कसा शिकंजा भाई ऋतिक के घर की हुई कुर्की

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, वासेपुर में अपराधियों को दिया कड़ा संदेश

PHOTON NEWS DHANBAD : धनबाद में अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ पुलिस ने एक और सख्त कदम उठाया है। सोमवार को कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई ऋतिक खान के घर पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर भूली ओपी पुलिस द्वारा वासेपुर के कमर मुखदमी रोड स्थित मकान पर की गई।

ऋतिक खान पर 2019 में दो मामलों में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। आरोपी पर अवैध हथियार रखने और गैंग से जुड़े अपराधों में संलिप्त रहने का आरोप है। लंबे समय से फरार चल रहे ऋतिक को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है।

पुलिस ने पहले ही कुर्की नोटिस चिपकाया था और आत्मसमर्पण के लिए समय दिया था। समर्पण न करने पर कोर्ट के निर्देश पर सोमवार सुबह कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, दस्तावेज समेत कई घरेलू वस्तुओं को जब्त किया।

कुर्की-जब्ती करते पुलिस के जवान ● फोटोन न्यूज

स्थानीय लोगों की भीड़ जुटने के बावजूद पुलिस ने शांति और सख्ती से ऑपरेशन पूरा किया। भूली थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि हमारी कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर आधारित है। ऋतिक खान की गिरफ्तारी नहीं हो सकी, इसलिए कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया की गई है। अपराधियों को चेतावनी दी जाती है कि कानून से बचना अब मुमकिन नहीं।

पुलिस ने दी चेतावनी

इस कार्रवाई से एक बार फिर साफ हो गया है कि धनबाद पुलिस संगठित अपराधियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। वासेपुर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यह कार्रवाई एक मजबूत चेतावनी है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि फरार और घोषित अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

तीन किलो अफीम होने की सूचना पर चली गई ग्राम प्रधान की जान

हाट में रची साजिश, घटना का मास्टरमाइंड निकला मिशनरी स्कूल का शिक्षक

PHOTON NEWS KHUNTI : खूंटी जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र अंतर्गत काड़ेतुबिद गांव के ग्राम प्रधान बलराम मुंडा की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी गई कि हत्यारों को यह जानकारी मिली थी कि बलराम मुंडा के घर में तीन किलो अफीम है। वही अफीम लूटने के लिए बलराम मुंडा के घर में अपराधियों ने डाका डाला था, जब तमाम खोजबीन और ग्राम प्रधान से पूछताछ के बाद भी अफीम नहीं मिला, तो अपराधियों ने ग्राम प्रधान की हत्या गोली मारकर और टांगी से काटकर कर डाली। बलराम के भांजा आचू मुंडा को घायल कर दिया। ये बातें एसपी मनीष टोप्पो ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को बताईं।

एसपी ने बताया कि ग्राम प्रधान हत्याकांड का मास्टरमाइंड बुधराम मुंडा उर्फ मास्टर है, जो मारंगहादा थाना क्षेत्र के गड़ामड़ा गांव का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक के नेतृत्व में त्वरित छापामारी टीम गठित की। जांच के क्रम में पुलिस ने काडेतुम्बीद व गाडामाड़ा गांव से तीन अभियुक्तों बीरबल मुंडा, सीनु मुंडा और बुधराम हेस्सा उर्फ मास्टर को गिरफ्तार किया। इन तीनों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कांड में प्रयुक्त हथियार और गोली की बरामदगी में पुलिस का सहयोग किया। वह मिशनरी स्कूल का शिक्षक है।

पकड़े गए अभियुक्तों के बयान के आधार पर छापेमारी अभियान को आगे बढ़ाते हुए खूंटी थाना क्षेत्र के मोहना टोली में छापेमारी की गई, जहां से सात अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से भी भारी मात्रा में हथियार और अन्य आपराधिक सामग्री बरामद की गई।

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

ये आरोपी किए गए गिरफ्तार

बीरबल मुंडा (काड़ेतुबिद), सिनू मुंडा (काड़ेतुबिद), बुधराम हेस्सा (शिक्षक, गाड़ामाड़ा), केदार मुंडा (सिदमा), अलिफ पुरती (मुटूदा), अभिषेक हेस्सा (कुबरसाल), पाव पाहन (गितिलबेड़ा), पातरस पाहन (कोजरोंग), पलटन मुंडा (जोरको), पुष्पेंद्र यादव (बंदगांव), इसके अतिरिक्त मोहना टोली से पांच और संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

BRIEF NEWS

डीसी-एसपी ने सिदो-कान्हू को अर्पित किए श्रद्धासुमन

HAZARIBAG : हूल दिवस पर सोमवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह व पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पीडब्ल्यूडी चौक स्थित सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने अपने संदेश में कहा कि सिदो-कान्हू ने 30 जून 1855 में ब्रिटिश शासन के खिलाफ हूल विद्रोह का नेतृत्व कर आदिवासी समाज में जागरूकता और स्वतंत्रता की अलख जगाई। यह आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो हमें अन्याय के खिलाफ संघर्ष और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम सामाजिक एकता, समरसता और स्वतंत्रता के मूल्यों को बनाए रखें और सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें।

रजक समाज ने की आषाढ़ी पूजा

JAMSHEDPUR : बर्मामाइंस में रजक समाज ने सोमवार को पारंपरिक आषाढ़ी पूजा का आयोजन किया। यह पूजा समाज में प्रकृति, वर्षा और फसल की समृद्धि के लिए की जाती है, जिसमें हर वर्ग और उम्र के लोग एक साथ आकर सामूहिक रूप से ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

दलमा सुरक्षा मंच की हुंकार रैली आज

JAMSHEDPUR : दलमा क्षेत्र ग्राम सभा सुरक्षा मंच (कोल्हान) के नेतृत्व में 1 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय, जमशेदपुर के समक्ष जनविरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मंच के सदस्यों ने बताया कि यह प्रदर्शन दलमा इको-सेंसेटिव जोन के नाम पर आदिवासी परिवारों के घरों को तोड़े जाने और उन्हें जंगलों से उजाड़ने की सरकारी योजनाओं के खिलाफ किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में कोल्हान प्रमंडल से सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता और दलमा वन क्षेत्र के हजारों निवासी शामिल होंगे। यह प्रदर्शन जल, जंगल, जमीन और जीवन की रक्षा के लिए सामूहिक एकजुटता का प्रतीक होगा।

घाटशिला के आदिवासी बच्चों ने देखी फिल्म

JAMSHEDPUR : हूल दिवस पर घाटशिला के ग्रामीण बच्चों ने सोमवार को गोलमुरी में आमिर खान की नई फिल्म सितारे जमीन पर दिखाई गई। घाटशिला प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धातकीडीह के बच्चे और लिटिल इप्टा, जमशेदपुर के बाल कलाकारों के साथ मेधाविनी कलामंदिर की बच्चियां भी फिल्म देखने आई थीं। बच्चों ने सोनारी स्थित ट्राइबल कल्चर सेंटर का भी भ्रमण किया।

पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक, तीन की हुई मौत

घटनास्थल पर पड़ी बाइक व शव ● फोटोन न्यूज

KHUNTI : कर्रा थाना क्षेत्र के सांगोर गांव के पास सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में रोहित मिंज, अभिषेक मिंज और रेला मिंज शामिल हैं और तीनों कर्रा प्रखंड की मेहा पंचायत के मालगो गांव के थे। रेला मिंज और रोहित मिंज पिता-पुत्र थे, जबकि अभिषेक मिंज रेला का भतीजा था। जानकारी के अनुसार एक बाइक(जेएच 01डीटी 6962) से बिरदा से अपने गांव मालगो लौट रहे थे। सांगोर गांव के पास तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई, जिससे बाइक सवार तीनों व्यक्तियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। कर्रा थाना की पुलिस तीनों को पहले कर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक दूर जा गिरे।

बर्खास्त 251 अनुसेवकों ने किया समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन

एकमुश्त मांगा मार्च से बकाया वेतन, वरना इच्छामृत्यु की मांगी अनुमति

AGENCY PALAMU : सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पलामू के बर्खास्त 251 अनुसेवक चतुर्थवर्गीय पद पर हो रही बहाली में समायोजन की मांग को लेकर लगातार आन्दोलन कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को पलामू समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन किया और उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सामूहिक रूप से आत्मदाह करने की चेतावनी दी। 25 और 26 जून को बर्खास्त अनुसेवकों ने समाहरणालय परिसर में ही धरना दिया था और समायोजन के साथ साथ एक मार्च से एकमुश्त वेतन भुगतान की मांग की थी। मांगों की पूर्ति नहीं होने पर इच्छामृत्यु की मांग की थी। आत्मदाह की चेतावनी दी थी। मांगों को लेकर सोमवार को एक बार फिर सारे बर्खास्तकर्मी राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात की। अनुसेवकों का आरोप है कि मंत्री ने सीधे तौर पर अपना पल्ला झाड़ लिये, जबकि पिछले दिनों वित्त मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि कैबिनेट की बैठक में 251 बर्खास्त अनुसेवकों को समायोजित करते हुए सरकार पुनर्विचार याचिका दायर करेगी, लेकिन ऐसा अबतक नहीं हुआ। मंत्री से वार्ता सार्थक नहीं होने पर सारे कर्मी समाहरणालय में जमा हुए और प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। एक सप्ताह के भीतर मांगों पर विचार नहीं करने पर सामूहिक रूप से डीसी कार्यालय के सामने आत्मदाह करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि नौकरी से हटाए जाने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गयी है और बेटी-बेटा की शादी, बच्चों की पढाई, परिवार चलाने का खर्च सहित अन्य जरूरी कार्य नहीं कर पा रहे हैं। कर्मियों ने कहा कि उपायुक्त पलामू की ओर से निकाले गए चतुर्थवर्गीय पद पर बहाली रद्द करने के लिए वित्त मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने संयुक्त बयान जारी किया था। मुख्यमंत्री ने ट्वीट भी किया था।

समाहरणालय परिसर के बाहर प्रदर्शन करते बर्खास्त कर्मी ● फोटोन न्यूज

मूढ़ी के बोरों में छिपाकर डोडा की तस्करी का हुआ भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार

PHOTON NEWS KHUNTI : खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। मूढ़ी के बोरों में छिपाकर डोडा की तस्करी की जा रही थी, जिसे पुलिस ने तड़के कार्रवाई कर पकड़ा। पुलिस ने सोमवार सुबह एक ट्रक को सेरेंगहातु चौक के पास बैरिकेडिंग कर रोका, जिसमें 40 बोरों में छिपाकर रखा गया 909.570 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया।

जब्त डोडा की बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 35 लाख 83 हजार 550 रुपये बताई गई है। यूपी के नंबर वाले ट्रक में सवार उत्तर प्रदेश के दो तस्करों, जितेंद्र पाल उर्फ अनिल कुमार और आकाश (दोनों निवासी बैरूली, मीरगंज, बरेली) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने डोडा के साथ मूढ़ी के 40 बोरे और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। जांच में पाया गया कि ट्रक के आगे की नंबर प्लेट अधूरी थी, जिससे नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा था, यह संदेह और बढ़ा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सोमवार सुबह डोडा की तस्करी की गुप्त सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम बनाई गई। टीम ने सेरेंगहातु चौक के पास चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध ट्रक को रुकने का इशारा किया। ट्रक चालक भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों तस्करों को मौके पर ही पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले भी अड़की क्षेत्र से नौ क्विंटल डोडा बरामद किया गया था। लगातार हो रही इन बरामदगियों से सवाल उठ रहे हैं कि क्या स्थानीय सहयोग के बिना इतनी बड़ी तस्करी संभव है?

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते एसपी मनीष टोप्पो ● फोटोन न्यूज

ट्रक की चपेट में आकर बुजुर्ग की हो गई मौत

LOHARDAGA : लोहरदगा-गुमला मुख्य मार्ग पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र के मुख्य चौराहा पावरगंज के पास ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान शहर के संजय गांधी पथ निवासी तसर केंद्र से सेवानिवृत्त सरकारी कर्मी (वर्तमान में गिरवर शिशु सदन विद्यालय के संचालक) रामवल्लभ भारती के पुत्र चंदन भारती के रूप में हुई। बताया जाता है कि सोमवार सुबह चंदन भारती सब्जी लेने मोटरसाइकिल से बाजार जा रहे थे। इसी क्रम में लोहरदगा के रास्ते घाघरा की ओर जा रहे ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

जंगल में दफनाए गए युवक का शव निकाला, दोस्त हिरासत में

मृतक की फाइल फोटो

KHUNTI : खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र अंतर्गत डोल्डा और ओटो गांव के बीच जंगल में दफनाए गए युवक का शव पुलिस ने सोमवार को जमीन खोदकर निकाला। मृतक की पहचान कोचाटोली, हाड़दलामा निवासी 20 वर्षीय एसी हालू के रूप में हुई है। उसका पूरा शरीर जमीन में दबा था, लेकिन घुटना मिट्टी से बाहर निकला हुआ था, जिससे शव का पता चला। मृतक एसी हालू का पिता लक्ष्मण दिव्यांग है। उसकी पत्नी और एक छोटी बेटी भी है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के दोस्त 'गांजा' को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसी हालू का शव काफी सड़ा-गला था, जिसे पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, 14 जून को एसी हालू अपने दोस्त गांजा के साथ बारूहातू गांव में आयोजित एक शादी समारोह में गया था। उसी रात से वह लापता हो गया। जब वह कई दिनों तक घर नहीं लौटा, तो उसकी मां एसी लोकमा ने गांजा से पूछताछ की। गांजा ने बताया कि उसे कुछ पता नहीं है, क्योंकि वह शराब पीकर सो गया था। बेटे के अचानक गायब होने से चिंतित मां को अनहोनी की आशंका हुई। उसने गांववालों से मदद मांगी और आसपास के जंगलों में बेटे की तलाश शुरू की। डोल्डा और ओटो गांवों के बीच जंगल में खोज के दौरान एक जगह ताजा खुदी मिट्टी नजर आई। पास जाने पर वहां किसी व्यक्ति का घुटना मिट्टी से बाहर दिखा।

निर्मल महतो अस्पताल में मरीजों ने किया हंगामा, बिना जांच कराए लौटे

PHOTON NEWS DHANBAD : शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज-अस्पताल के ओपीडी में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। प्रथम पाली के तहत दोपहर 12 बजे रजिस्ट्रेशन काउंटर और दवाखाना बंद हो गया था, जबकि सोमवार होने के कारण ओपीडी में मरीजों की काफी भीड़ थी। लगभग डेढ़ सौ से ज्यादा लोग रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए। ऐसे लोगों ने ओपीडी के समय को लेकर नाराजगी जताई और इसका समय दोपहर एक बजे तक करने की मांग रखी।

अस्पताल में सुबह 8 से 12 और शाम 3 से 6 बजे तक ओपीडी का समय निर्धारित किया गया है। ऐसे में 12 बजते ही रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद हो जा रहा है। सोमवार को 150 से ज्यादा लोग अस्पताल से लौट गए।

ओपीडी में हर दिन लगभग 1400 मरीज आ रहे हैं। सोमवार और मंगलवार को काफी भीड़ होती है। फिलहाल यहां आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत ऑनलाइन पर्ची काटी जा रही है। लेकिन, पर्ची कटाने में कई मरीज सक्षम नहीं हैं। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। लेकिन, इसमें काफी समय लग जा रहा है। इस वजह से लोगों को परेशानी हो रही है।

अस्पताल के ओपीडी में हंगामा करते लोग ● फोटोन न्यूज

> ओपीडी का समय विभागीय आदेश पर किया गया है। ओपीडी के समय को लेकर स्थानीय स्तर पर कुछ नहीं किया जा सकता है। मरीज को परेशानी ना हो इसके लिए लगातार कोशिश हो रही है।
> – डॉ. सीएस सुमन, वरीय अस्पताल प्रबंधक

हर सहिया को 10-10 गर्भवती को बुलाने का था निर्देश, अस्पताल में नहीं थी जांच की सुविधा, किया हंगामा

सदर अस्पताल में बुला ली गईं 200 से ज्यादा गर्भवती महिलाएं

PHOTON NEWS DHANBAD : सदर अस्पताल में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने को लेकर सदर अस्पताल प्रबंधन के निर्देश पर काफी संख्या में सहिया अपने इलाके की गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लेकर पहुंचीं। लेकिन, यहां अस्पताल में भारी अव्यवस्था के कारण गर्भवती महिलाओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। कोई गर्भवती महिला तीन तो कोई चार घंटे तक अस्पताल में इलाज के लिए इंतजार करती रही। हूल दिवस पर अवकाश होने के कारण सदर अस्पताल में भीड़ को नियंत्रित करने वाले कोई डॉक्टर और कर्मचारी भी नहीं थे। परेशान होकर विभिन्न जगहों से आईं सहिया और मरीज के परिजनों ने हंगामा किया। अस्पताल में तैनात होमगार्ड के जवान बार-बार लोगों को समझते रहे। किसी तरीके से मामले को शांत करते रहे। 200 से ज्यादा गर्भवती महिलाएं यहां इलाज के लिए पहुंची थीं।

अस्पताल परिसर में जमीन पर बैठीं गर्भवती महिलाएं ● फोटोन न्यूज

अस्पताल में जब व्यवस्था नहीं, तो क्यों बुलाया : बलियापुर से आई सहिया संध्या देवी ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन ने निर्देश दिया था कि एक सहिया को 10-10 गर्भवती महिला को लाना है। नहीं तो वेतन और प्रोत्साहन राशि नहीं मिलेगा। 30 जून को सभी को सदर अस्पताल बुलाया गया था। ऐसे में अपने-अपने प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को छोड़कर सभी सदर अस्पताल पहुंची। लेकिन, सदर अस्पताल में पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच की सुविधा नहीं है। जब मरीज को यहां पर लेकर आया, तब बताया गया कि एंड्रायड मोबाइल होना जरूरी है, तभी पर्ची कटेगी। जांच करने पहुंची तो पता चला सभी जांच की सुविधा यहां नहीं है। गर्भवती रीता देवी ने बताया कि वह सुबह 9 बजे अस्पताल पहुंची है और दोपहर 12 बजे तक जांच नहीं हुई है। उसकी तबीयत लगातार खराब हो रही है। गर्भवती मेहरून निशा ने भी कहा कि वह गोविंदपुर से आई है। कहा गया कि सदर अस्पताल जाना होगा। लेकिन, यहां अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं है।

उपाधीक्षक को खोजते रहे लोग खाली था चैंबर

सदर अस्पताल पहुंचकर गर्भवती महिलाएं उनके स्वजन और सहिया दोपहर 2 बजे अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार को खोजते रहे। लेकिन उनका चैंबर खाली था। अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि अभी कोई पदाधिकारी यहां नहीं है। अवकाश होने के कारण कार्यालय भी बंद था। दूसरी और पूरा बरामदा और परिसर गर्भवती महिलाओं से भरा पड़ा था।

BRIEF NEWS

भाजपा कार्यकर्ताओं को हेमंत सरकार में बनाया जा रहा निशाना: बाबूलाल

RANCHI : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आदिवासी समाज के भाइयों, विशेष रूप से भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं को झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार में लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा है कि हमारे भाजपा परिवार के सदस्य खूंटी जिला निवासी बलराम मुंडा की नृशंस हत्या अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। इस दुःखद घड़ी में प्रदेश भाजपा पूरी तरह से शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा है कि झारखंड पुलिस दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करें।

हूल दिवस पर झामुमो ने सिदो-कान्हू को दी श्रद्धांजलि

RANCHI : हूल क्रांति दिवस के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला समिति की ओर से सोमवार को कांके रोड स्थित सिदो-कान्हू उद्यान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। साथ ही सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके शौर्य और बलिदान को नमन किया गया। मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो और झानो जैसे वीरों के अद्भुत संघर्ष ने न सिर्फ अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी, बल्कि झारखंड के आदिवासी समाज को आत्मगौरव और अस्मिता से जोड़ने का काम किया। हूल दिवस हमारे लिए क्रांति का प्रतीक है। हम यह संकल्प लेते हैं कि चाहे हम सत्ता में हों या नहीं, राज्य के लोगों के हक-अधिकार की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी।

आज राजधानी के कई इलाकों में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

RANCHI : विद्युत सब स्टेशन-रांची सदर से निकलने वाले 11 केवी चडरी फीडर में एक जुलाई को दोपहर दो बजे से चार बजे तक यूजी केबल से संबंधित कार्य किया जाएगा। इसलिए इस दौरान थड़पखना, एचबी रोड, चडरी, बीएसएनएल सहित विभिन्न मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से जारी की गई है। विद्युत सब स्टेशन शक्ति उपकेंद्र-पॉलिटेक्निक से निकलने वाले 11 केवी मेन रोड फीडर में भी एक जुलाई की सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक यूजी केबल से संबंधित कार्य किया जाएगा। इसलिए इस दौरान अंजुमन कॉलोनी, कोनका रोड, कोनका सीरमटोली, सेंट्रल स्ट्रीट, इमली टोला, चर्च कॉम्प्लेक्स, सैनिक मार्केट, बेलियर अपार्टमेंट, राज हॉस्पिटल, रोसपा टावर, कैपिटल हिल सहित विभिन्न इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में जिला प्रशासनिक की ओर से संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से बिजली से जुड़े जरूरी काम उक्त समय से पूर्व करने की अपील की गई है।

सदर में लगी मैमोग्राफी मशीन, बीपीएल वाले मरीजों का फ्री टेस्ट

PHOTON NEWS RANCHI : महिलाओं में बढ़ते ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को देखते हुए रांची सदर अस्पताल में सोमवार को डिजिटल मैमोग्राफी मशीन 'वीनस डीआरवी प्लस' का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डीजी रोटेरियन बिपिन चाचन, फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन, रोटरी अध्यक्ष गौरव बागरॉय, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. विमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से मशीन का उद्घाटन किया। यह मशीन रोटरी क्लब ऑफ रांची ने उपलब्ध कराई है, जिसकी कीमत लगभग 45 लाख रुपये है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सस्ते दर पर ब्रेस्ट कैंसर की शुरूआती जांच की सुविधा देना है। ऐसे में बीपीएल और आयुष्मान वाले मरीजों का फ्री में टेस्ट किया जाएगा। वहीं 1100 रुपये में सामान्य मरीजों की जांच की जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि हमलोगों ने रोटरी से रिक्वेस्ट किया था। इसके बाद ये मशीन डोनेट की गई है। वहीं रोटरी के गवर्नर बिपिन चाचन ने कहा कि रोटरी क्लब रांची के प्रेसिडेंट गौरव बागरॉय का इसमें अहम रोल है। उन्होंने इसके लिए लगातार प्रयास किया। वहीं मरीजों के हित को देखते हुए ये मशीन हमलोगों ने सदर में इंस्टॉल कराया है। जिससे आर्थिक से रूप से कमजोर लोग भी ब्रेस्ट कैंसर के लिए स्क्रीनिंग करा सकेंगे। इस दौरान लेटेस्ट कंप्यूटर मशीन और एक वाटर प्यूरीफायर भी सदर को डोनेट किया गया।

सामान्य रोगियों के लिए निर्धारित की गई है 1100 रुपये की जांच राशि

उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित डॉक्टर व अतिथि • फोटोन न्यूज

कुछ मिनटों में मिलेगी रिपोर्ट

मशीन का उद्घाटन डीजी रोटेरियन बिपिन चाचन, शिल्पी चाचन, रोटरी अध्यक्ष गौरव बागरॉय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। उद्घाटन के दौरान बताया गया कि यह मशीन जांच के परिणाम कुछ ही मिनटों में दे सकती है। यह फुल फील्ड डिजिटल मैमोग्राफी तकनीक पर आधारित है, जो मात्र 10 सेकंड में उच्च गुणवत्ता वाली इमेज तैयार कर सकती है। इसमें दर्दरहित जांच के लिए विशेष कंप्रेशन पैडल्स भी लगाए गए हैं। बिपिन चाचन ने कहा कि 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा अधिक होता है। प्रारंभिक जांच से इलाज आसान हो जाएगा। वहीं गौरव बागरॉय ने बताया कि यह प्रोजेक्ट आरोग्यम बैटलिंग ब्रेस्ट कैंसर के तहत लगाया गया है, जिसमें दक्षिण कोरिया के रोटरी क्लब का सहयोग रहा है।

तकनीकी स्टाफ को दी जाएगी ट्रेनिंग

सदर अस्पताल में अब बीपीएल व आयुष्मान भारत कार्डधारकों के लिए जांच निःशुल्क होगी, जबकि अन्य मरीज सिर्फ 1100 में जांच करवा सकते हैं। इस मशीन के संचालन और रख-रखाव के लिए आने वाले तीन वर्षों तक चिकित्सकों और तकनीकी स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर डॉ. प्रीतीश प्रणय, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अंबुज, डॉ. मुक्ता अग्रवाल, डॉ. आरके सिंह, डॉ. शिल्पी तिग्गा, डॉ. वंदिता, डॉ. सुजाता, डॉ. अखिलेश झा के अलावा क्लब के असिस्टेंट गवर्नर दीपक श्रीवास्तव, भंडारी लाल, मुकेश तनेजा, मनोज तिवारी, सुरेश साबू, रविंदर सिंह चड्ढा, ललित त्रिपाठी, प्रवीण राजगढ़िया, अमित अग्रवाल, ख्याति मुंजाल, जसदीप सिंह, आभा बागरॉय समेत अन्य मौजूद थे।

आयोग को समय-सीमा निर्धारित कर शपथ पत्र दायर करने का मिला निर्देश

सहायक आचार्य परीक्षा : जेएसएससी पर हाईकोर्ट ने जताई सख्त नाराजगी

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रगति रिपोर्ट पर सख्त नाराजगी जाहिर की। खंडपीठ ने कहा कि जेएसएससी (झारखंड कर्मचारी चयन आयोग) निर्धारित शेड्यूल से काफी पीछे चल रहा है। जेएसएससी को समय सीमा निर्धारित करते हुए शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। इस मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी। बता दें कि जेएसएससी ने पहले 26,000 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए समय-सीमा देने का आग्रह किया था, लेकिन उसके अनुसार भी नियुक्ति प्रक्रिया में प्रगति नहीं हुई।

परीक्षा की प्रगति रिपोर्ट से जुड़ा है केस, कल ही होगी मामले की अगली सुनवाई

जेएसएससी पेपर लीक : मास्टरमाइंड शशि भूषण दीक्षित को नहीं मिली बेल

झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष हुई जेएसएससी सीजीएल परीक्षा से जुड़े पेपर लीक के मास्टरमाइंड शशि भूषण दीक्षित को बेल देने से इनकार कर दिया है। सोमवार को शशि भूषण की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। शशि भूषण की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के विशेष लोक अभियोजक विनीत वशिष्ठ ने जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। पेपर लीक गिरोह के सरगना संदीप त्रिपाठी उर्फ शशिभूषण दीक्षित को 28 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। इसकी गिरफ्तारी गोरखपुर से हुई थी। उसके पास से जेएसएससी-सीजीएल के कुछ परीक्षार्थियों के नाम की सूची, पैसा लेने से संबंधित डिजिटल साक्ष्य और गिरोह के अन्य सदस्यों से संपर्क होने से संबंधित साक्ष्य बरामद हुए थे।

शराब घोटाले में आरोपी विनय सिंह को फिलहाल कोर्ट से राहत नहीं



RANCHI : शराब घोटाले में आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे के करीबी और रांची के प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस मामले में आज एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। इसमें एसीबी ने केस डायरी जमा करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने एसीबी के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया। साथ ही अदालत ने विनय सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई है। एसीबी विनय सिंह के खिलाफ पूर्व में वारंट ले चुका है। शराब घोटाला की जांच में एसीबी ने विनय सिंह को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन विनय सिंह अब तक एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड में एसीबी शराब घोटाला की जांच कर रही है। यह मामला 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले से जुड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मामले में विनय कुमार चौबे एवं गजेंद्र सिंह, सुधीर कुमार दास, सुधीर कुमार और नीरज कुमार सिंह सहित एक छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार किया था। फिलहाल सभी न्यायिक हिरासत में है।

झारखंड में लगातार बारिश से हो रहे नुकसान पर है सरकार की नजर : हेमंत सोरेन

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि शुरूआत से ही बारिश की तीव्रता चिंता का विषय है। यह बदलाव पर्यावरण के दृष्टिकोण से हो रहे हैं। इन बदलावों से प्रभावित होने और नुकसान उठाने वाले लोगों पर सरकार की नजर है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से राज्यवासियों से कहा है कि मानसून की शुरूआत में ही झारखंड में हो रही लगातार बारिश चिंता का विषय है। बारिश के कारण प्रभावित होने और नुकसान उठाने लोगों के साथ सरकार खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा है कि झारखंड में मानसून अभी शुरू ही हुआ है और शुरूआत से ही बारिश की तीव्रता चिंता का विषय है। यह बदलाव पर्यावरण के दृष्टिकोण से हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि झारखंड में मानसून के शुरूआत से ही लगातार बारिश हो रही है, जिससे झारखंड के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। ऐसी परिस्थिति में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोशल मीडिया के माध्यम एक वीडियो साझा कर राज्यवासियों को आश्वस्त किया है कि सरकार उन सभी लोगों के साथ खड़ी है, जो इस बारिश में प्रभावित हुए हैं। और वे सभी सरकार की निगरानी में हैं।

वियतनाम से बेहतर निवेश की उम्मीद के साथ लौटा चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

PHOTON NEWS RANCHI : वियतनाम के व्यवसायिक दौरे पर गए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची लौट आया।

इस मौके पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष केके पोद्दार और प्रवीण जैन छाबड़ा ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चैंबर की इस पहल से वियतनाम के साथ व्यापारिक और निवेश साझेदारियां मजबूत होंगी और झारखंड के उद्योग-निवेश को नए अवसर मिलेंगे। वहीं चेंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि हमें भरोसा है कि आनेवाले वर्षों में वियतनाम के साथ हमारे व्यापारिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे। इससे राज्य के उद्यमियों को नई संभावनाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने निर्यात के नए अवसरों पर भी अनुभव साझा किया। चेंबर के पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा और रंजीत गाड़ोदिया ने इस दौरे को राज्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए झारखंड के उद्योग-व्यवसाय को नई राह देनेवाला बताया।

निवेश और औद्योगिक सहयोग की रखी नींव : अलंग

सह सचिव नवजोत अलंग ने कहा कि इस व्यावसायिक यात्रा ने झारखंड और वियतनाम के बीच व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग की नींव रखी है। भविष्य में इससे राज्य के उद्यमियों को बहुपक्षीय लाभ मिलने की उम्मीद है। इंचैम हनोई, वियतनाम के साथ हुए एमओयू को ऐतिहासिक बताते हुए कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि यह साझेदारी झारखंड और वियतनाम के बीच व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक सहयोग को खूब बढ़ावा मिलेगा।

गुरुजी के स्वास्थ्य लाभ के लिए झामुमो ने किया हवन

RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति की ओर से सोमवार को रातु रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर में गुरूजी शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए हवन-पूजन का आयोजन किया गया। अनुष्ठान में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया और गुरुजी की कुशलता के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि गुरुजी झारखंड आंदोलन की आत्मा हैं। राज्य की जनता उनके शीघ्र स्वस्थ होकर लौटने की कामना कर रही है। यह हवन हमारी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। हवन-पूजन के संचालन में आशुतोष वर्मा और विक्की यादव ने प्रमुख भूमिका निभाई।

गृह मंत्री के समक्ष मंत्री ने की झारखंड के लिए विशेष आर्थिक सहायता की मांग

PHOTON NEWS RANCHI : कृषि और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर आयोजित सहकार से समृद्धि नामक राष्ट्रीय मंथन कार्यक्रम में झारखंड की सहकारिता क्षेत्र की चुनौतियों और जरूरतों को मजबूती से उठाया। उन्होंने केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में कहा कि झारखंड सहकारिता के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ राज्य है और इसे विशेष नीति और आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। मंत्री ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 4,400 एमपीसीएस कार्यरत हैं, जिनमें अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर हैं। राज्य सरकार इन्हें चार श्रेणियों में बांटते हुए अब तक 28 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल के रूप में दे चुकी है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि झारखंड के कुछ चयनित एमपीसीएस को वर्किंग कैपिटल मुहैया कराकर उन्हें सुदृढ़ किया जाए। गोदाम निर्माण पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि झारखंड को भंडारण क्षमता में 57 प्रतिशत की कमी का सामना करना पड़ रहा है। पैक्स के पास 10 प्रतिशत अंशदान की भी सामर्थ्य नहीं है, ऐसे में केंद्र को 100 प्रतिशत अनुदान देकर गोदाम का निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम में धान की एमएसपी को वैधानिक दर्जा देने, एनसीसीटी ट्रेनिंग सेंटर के रूप में फुदी सेंटर के विकास और झारखंड में नाफेड का रीजनल सेंटर स्थापित करने की मांग भी मंत्री ने रखी।

जर्जर भवनों को देखते हुए रांची नगर निगम तैयार कर रहा प्लान

ब्रांबे में 200 से अधिक परिवारों को दिया जाएगा नया आशियाना

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी के ब्रांबे एरिया में जर्जर मकानों में रहने वाले परिवारों के लिए राहत की उम्मीद जागी है। रांची नगर निगम ने 200 से अधिक ऐसे परिवारों की पहचान कर ली है, जिन्हें नया आशियाना बनाकर दिया जाएगा। वहां पर उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। फिलहाल वहां रहने वाले लोगों को वैकल्पिक आवास मुहैया कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि जर्जर भवन में उन्हें रहना न पड़े।

बरसात और भवनों की खस्ता हालत को देखते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया है, ताकि किसी भी संभावित हादसे को रोका जा सके। कुछ दिन पहले ही नगर निगम ने ब्रांबे के कई जर्जर मकानों पर नोटिस चिपका कर भवन खाली करने का निर्देश दिया था। इन भवनों की हालत इतनी खराब है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

- 3 हजार लोग रह रहे ब्रांबे आवास में, बहुत पुराने हो चुके हैं भवन
- जर्जर मकानों पर नोटिस चिपका कर भवन खाली करने का दिया गया था निर्देश

निगरानी टीमों को किया गया तैनात

वहां लोगों ने अपने वर्षों पुराने ठिकाने छोड़ने पर चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि यहां से उनकी आजीविका, परिवार और सामाजिक जीवन जुड़ा है, इसलिए वे जल्दबाजी में हटने को तैयार नहीं हैं। इसे देखते हुए निगम ने फिलहाल निगरानी टीमों को क्षेत्र में तैनात कर दिया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। वहीं नगर निगम के जनसंपर्क पदाधिकारी गौतम कुमार साहू ने जानकारी दी कि ब्रांबे के प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। जब तक नए मकान नहीं बनते, तब तक सुरक्षित स्थान पर इन परिवारों को अस्थायी रूप से शिफ्ट करने की योजना तैयार है।

नए भवन में ये सुविधाएं देने की हो रही तैयारी

प्रशासन की योजना के अनुसार स्थायी मकानों में पेयजल, सीवरेज और ड्रेनेज जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी ताकि लोगों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिल सके। निगम का दावा है कि जल्द ही निर्माण का खाका तैयार कर कार्य शुरू किया जाएगा, हालांकि निर्माण की तारीख और अवधि स्पष्ट नहीं है। वहीं बॉम्बे भवन में रहने वाले लोगों में इस फैसले को लेकर कुछ लोगों में खुशी है तो कुछ नाराज हो गए हैं। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि परिवारों को जबरन नहीं हटाया जाएगा और पूरी प्रक्रिया सहमति से की जाएगी।

उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर ने सीबीआई कोर्ट में सरेंडर किया पासपोर्ट

RANCHI : मनी लॉन्ड्रिंग और माइंस घोटाला के आरोपित उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर ने सोमवार को रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट में अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया। पिछले दिनों उन्होंने विदेश यात्रा के लिए कोर्ट से अपना पासपोर्ट विमुक्त कराया था। विदेश यात्रा से वापस आने के बाद उन्होंने अपना पासपोर्ट वापस कोर्ट के जमा कर दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ से जुड़े आयरन ओर केस में चार्जशीट दायर की है। उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरूआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था।

प्रतिभावान छात्रों और शिक्षकों को किया गया सम्मानित

PHOTON NEWS RANCHI : पासवा की ओर से गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती विद्यालय, मोरहाबादी में कक्षा 10 वीं के टॉपर्स विद्यार्थियों के लिए सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन में हम सब कुछ कर सकते हैं, लेकिन स्कूल दोबारा नहीं जा सकते। वह समय बीत चुका होता है। स्कूल ही वह स्थान है जहां जीवन के पहले संस्कार, अनुशासन और सामाजिक मूल्यों की नींव रखी जाती है। कार्यक्रम में 90 प्रतिशत या उसके आसपास नंबर लानेवाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हीना परवीन, माल्वी कुमारी पाहन, आशुतोष कश्यप, सोहेल अली, आयुष कुमार, अनन्या कुमारी, नितेश मुंडा,तान्या कुमारी, बबली कुमारी यादव,यश राज को सम्मीानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष कुमार झा, उप-प्रधानाचार्य आनंद कुमार मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका पूजा ठाकुर ने स्कूल परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया।

स्वर्णरेखा व खरकई नदी खतरे के निशान से ऊपर

किनारे के इलाके डूबे, मानगो में खुला फ्लड कंट्रोल रूम, डीसी ने लिया जायजा

PHOTON NEWS JSR : लगातार हो रही बारिश से जमशेदपुर में स्वर्णरेखा और खरकई नदियां उफान पर हैं। सोमवार को सुबह में स्वर्णरेखा नदी खतरे के निशान से .10 मीटर ऊपर बह रही है, जबकि, खरकई 1.87 मीटर ऊपर थी। इससे नदी तट के इलाके डूब गए हैं। बागबेड़ा में नदी किनारे की कई बस्तियां डूब गई हैं। बागबेड़ा, जुगसलाई, शास्त्रीनगर, मानगो और भुइयांडीह क्षेत्र में कई मकानों में पानी भर गया है। मानगो में फिर कई अपार्टमेंट के बेसमेंट पानी में डूब गए हैं। नगर निकायों की लापरवाही से हर तरफ हाहाकार है। डिमना डैम के भर जाने के बाद इसके दो फाटक खोलने पड़े हैं। मानगो में बाढ़ की भयंकर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन को फ्लड कंट्रोल रूम खोलना पड़ा है।

मानगो में इस साल अब तक नाला सफाई नहीं की गई है। इस वजह से यहां कई बस्तियों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मानगो के आजादनगर इलाके में जाबिर पुल के ऊपर से पानी बह रहा था। हड्डी गोदाम समेत कई इलाके पानी में डूब गए। वारिस कालोनी में भी पुल के ऊपर से पानी बह रहा था। जिला प्रशासन बार बार मानगो में नाला सफाई कराने के निर्देश दे रहा है। डीसी ने सोमवार को मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त को नालों की सफाई कराने का निर्देश दिया मगर, अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। नगर निगम के अधिकारी सोच रहे हैं कि कुछ दिन की बात है। जहां बरसात खत्म हो गई तो फिर नाला नहीं साफ होने का मुद्दा दब जाएगा। इसीलिए अब तक नाले की सफाई नहीं कराई जा रही है। छिटपुट यहां वहां काम हो रहा है। मानगो के जवाहर नगर रोड नंबर 15 से चेपा पुल तक सड़क

स्वर्णरेखा नदी का जायजा लेते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी (दाएं) ● फोटोन न्यूज

डीसी ने किया मानगो इलाके का निरीक्षण

लगातार हो रही भारी बारिश से जर्जर हालात का सामना कर रहे जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र का सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्वर्णरेखा नदी के तटीय इलाकों और जलजमाव से प्रभावित निचले क्षेत्रों का दौरा कर हालात की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे।

किनारे का लंबा नाला अब तक साफ नहीं कराया गया है। यह नाला कागजों पर हर साल साफ होता है मगर, जमीन पर काम नहीं हो पा रहा है।

उपायुक्त ने मौके से ही नगर निकाय के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जलभराव से उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पंप सेट, ट्रैक्टर और सफाईकर्मियों की टीम अलर्ट मोड पर रहनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी नालों की नियमित सफाई, तटीय क्षेत्रों के लोगों को सतर्क करने और कंट्रोल रूम को 247 एक्टिव रखने का निर्देश दिया।

मानगो नगर निगम में बाढ़ कंट्रोल रूम

सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक : 7004549847
दोपहर 2 से रात 10 बजे तक : 9031542938
रात 10 से सुबह 6 बजे तक : 7488676759
इसके अलावा जिला स्तरीय आपात नंबर 0657-2444233 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

स्वर्णरेखा नदी मानगो ब्रिज पर

खतरे का निशान - 121.50 मीटर
वर्तमान जलस्तर - 121. 60 मीटर

खरकई नदी आदित्यपुर ब्रिज पर

खतरे का निशान- 129 मीटर
वर्तमान जलस्तर -130 .65 मीटर

खानकाह रोड पर गिरा बिजली का पोल

इसी बीच मानगो उलीडीह खनका रोड पर बारिश के दौरान एक बिजली का पोल गिरने से पूरे इलाके में आवागमन 24 घंटे से बाधित है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। गिरा हुआ पोल बारिश में भीग चुका है, जिससे करंट लगने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को इस बाबत जानकारी दी। विकास सिंह ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों को घटनास्थल की तस्वीरें भेजते हुए चेतावनी दी कि लोग जान जोखिम में डालकर मजबूरी में सड़क पार कर रहे हैं। उन्होंने विभाग से तुरंत कार्रवाई की मांग की ताकि जानलेवा खतरे से लोगों को राहत मिल सके।

बारिश में बह गई पावड़ा गांव के तालाब की मेड़

GHATSILA : पावड़ा गांव स्थित तालाब के मेड़ का एक हिस्सा रविवार को बारिश से बह गया। मेड़ बहने से गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी यूनिका शर्मा को दी। सूचना मिलते हैं तत्काल पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पदाधिकारी गांव पहुंचे। हालांकि इस घटना में किसी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई है। तालाब का पानी खेतों में बह गया। बाद में जिला परिषद सदस्य करण सिंह उर्फ टिंकू ने तालाब के मेड़ की मरम्मत करने की दिशा में पहल शुरू की। ग्रामीणों ने कहा कि यदि रात में यह घटना होती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इसी मेड़ के रास्ते से पावड़ा गांव से काफी लोग रेलवे स्टेशन और बाजार आते-जाते हैं। ऐसे लोग इसके शिकार हो सकते थे। हालांकि यह तालाब राजा जगदीशचंद्र धवल देव की निजी जमीन पर बनाया गया था।

समाचार सार

राजेंद्र विद्यालय में 130 यूनिट रक्त संग्रह

JAMSHEDPUR : साकची स्थित राजेंद्र विद्यालय में सोमवार को केदारनाथ सिंह शर्मा की पुण्यतिथि पर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजकों के अनुसार, इसमें 130 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर का उद्घाटन जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने किया, जबकि इस अवसर पर बिहार एसोसिएशन के महासचिव सीपीएन सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. एसके सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता तिवारी, उप प्रधानाचार्या किरण सिन्हा, बीए इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय कुमार रॉय, व राजेंद्र विद्यालय की घुटिया शाखा की प्राचार्य खुशबू ठाकुर भी उपस्थित थीं।

शिबू सोरेन के लिए कंसरा मंदिर में हुई पूजा

CHAIBASA : पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन की सलामती के लिए झामुमो कार्यकताओं ने माता कंसरा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। सोरेन दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती हैं। अनुष्ठान में विधायक सुखराम उरांव के प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम, विधायक प्रतिनिधि सह स्थानीय नकटी पंचायत के मुखिया मिथुन गागराई, दिनेश जेना, वेद प्रकाश दास, अरूप चटर्जी, सुनील लागुरी, भीमसेन केराई, दुम्बी सुरेन, सुभाष कलिंदी आदि शामिल रहे।

आवारा कुत्तों ने सब्जी विक्रेता को किया घायल

JAMSHEDPUR : मानगो स्थित सहारा सिटी में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामले में सोमवार को सब्जी बेचने आए राजू पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्तों के काटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वह एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय निवासी धीरज झा ने तत्काल मामले की जानकारी पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। धीरज झा ने बताया कि कॉलोनी के लोग खासकर अपने छोटे बच्चों को अब डर के कारण बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल है।

सिदगोड़ा में मिली युवती को पुलिस ने मां से मिलाया

JAMSHEDPUR : सिदगोड़ा में पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवती बारीडीह चौक पर है। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त हैं। इस पर पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और युवती को थाने लाया गया। युवती के बारे में काफी चर्चा चल रही थी। पुलिस ने युवती को मेडिकल जांच के लिए भेजा। जहां डाक्टरों ने पुलिस को बताया कि युवती ठीक-ठाक है। इसके बाद पुलिस ने पता लगाया तो पता चला कि युवती की मां बैकुंठ नगर में रहती है। तब जाकर युवती को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया।

झाड़ियों में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र अंतर्गत दुड़िरता गांव के समीप एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सोमवार की सुबह यहां सड़क किनारे झाड़ियों में लहूलुहान महिला का शव ग्रामीणों ने देखा था। उन्होंने इसकी सूचना टोन्टो थाना की पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। महिला का शव मिलने की सूचना आसपास के गांवों में आग की तरह फैल गई। पुलिस लोगों से पूछताछ के बाद भी मृतक महिला की पहचान नहीं कर सकी है। मृतक महिला की उम्र लगभग 50 वर्ष है।आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कहीं और की गई और उसके बाद उसके शव को लाकर सड़क किनारे यहां फेंक दिया गया। मृतक महिला के सिर पर गंभीर जख्म हैं। फिलहाल टोन्टो थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा स्थित सदर अस्पताल भेजा दिया है।

शहर के रंगकर्मियों ने शिमला में जीता राष्ट्रीय नाट्य पुरस्कार

बिष्टुपुर स्थित जी टाउन क्लब में रंगकर्मियों को सम्मानित करतीं रागिनी भूषण

JAMSHEDPUR : शहर की नाट्य संस्था डेट के कलाकारों ने शिमला में आयोजित राष्ट्रीय नाटक प्रतियोगिता में पुरस्कार जीता। असगर वजाहत द्वारा लिखित नाटक 'जिन लाहौर नई देख्यां वो जन्मेई नई' का मंचन किया था। इसका निर्देशन अनुज प्रसाद ने किया। इस नाटक ने हिमाचल प्रदेश के शिमला एवं सोलन में नाटक के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता के झंडे गाड़ दिए। 29 प्रांतों की 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था, जिसमें इस नाटक को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वहां से लौटने पर बिष्टुपुर स्थित जी टाउन क्लब में नाटक के कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमेरिका से पधारीं मुख्य अतिथि डेट की अध्यक्ष रेणुका सिंह, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष डॉ. प्रसेनजित तिवारी, समाजसेवी विजय सिंह राणा, शिक्षाविद जूही समर्पिता, वरिष्ठ रंगकर्मी हरि मित्तल, निजाम खान आदि उपस्थित थे।

वज्रपात से नौ भेड़ों की मौत, प्रशासन से लगाई मुआवजे की गुहार

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत ढीपा पंचायत के ग्राम बड़पोस में वज्रपात से नौ भेड़ों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रविवार की रात बड़पोस गांव निवासी शत्रुघन महतो के घर के बाहर भेड़ बंधे हुए थे। इसी बीच रात में बारिश के बीच जोरदार आवाज के साथ वज्रपात हुआ, जिससे 9 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि तीन भेड़ बच गए। सोमवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही ढीपा पंचायत के मुखिया अशोक बंदा ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मुआवजे का भरोसा दिलाया। मुखिया ने प्रशासन से क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिलाने और इसकी लिखित सूचना स्थानीय प्रशासन को देने का आश्वासन दिया है। बता दें कि पीड़ित शत्रुघ्न महतो का जीवनयापन भेड़ से ही चलता है। इस घटना से उस पर आफत आ गई है। इससे पहले मनोहरपुर प्रखंड के गंगदा पंचायत के लेमरे गांव में वज्रपात से 12 मवेशियों की मौत हुई थी।

वाटर हार्वेस्टिंग पिट में तब्दील होंगी बागबेड़ा की 500 डेड बोरिंग

सुखी हुई बोरिंग का स्थल दिखाते सुबोध झा व अन्य

MUJTABA RIZVI @ JSR : बागबेड़ा में हैंडपंप की 500 डेड बोरिंग को वाटर हार्वेस्टिंग पिट में बदलने की कवायद शुरू हो गई है। बागबेड़ा महानगर विकास समिति ने यह काम करने का बीड़ा उठाया है। समिति ने अभी हैंडपंप की तीन बोरिंग को वाटर हावेस्टिंग पिट में बदल दिया है। अभी हैंडपंप की जिन बोरिंग में वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनाया गया है वह बागबेड़ा के शाखा मैदान, कुंवर सिंह मैदान और बजरंगी खेल मैदान में हैं। इन बोरिंग से बरसात का पानी भूगर्भ में जाने लगा है।

समिति ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और प्रशासन को पत्र लिखा है कि वह समिति का इस काम में सहयोग करें या फिर अलग से अभियान चला कर सभी 500 डेड बोरिंग को वाटर हार्वेस्टिंग पिट में बदल दें ताकि, बागबेड़ा का भूगर्भ जलस्तर ऊपर उठ सके।

गर्मी में 600 फीट से नीचे चला गया था पानी

इस बार गर्मी में बागबेड़ा का भूगर्भ जल स्तर अभी 600 फीट के नीचे चला गया है। यहां पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने जितने भी हैंडपंप लगाए हैं उनकी बोरिंग 400 फीट से कम है। इस वजह से बागबेड़ा के सभी हैंडपंप जवाब दे चुके हैं। गर्मी में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ था। वह पानी नहीं उगल रहे हैं। बागबेड़ा महानगर विकास समिति का कहना है कि अगर इन सभी डेड हो चुकी बोरिंग में वाटर हार्वेस्टिंग पिट बना दिया जाए तो बोरिंग का अच्छा इस्तेमाल हो सकेगा। बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा का कहना है कि वह लोग अब अपनी क्षमता के अनुसार लगातार डेड बोरिंग को वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनाएंगे। अगर, प्रशासन इस काम में सहयोग करेगा तो अभियान में तेजी आएगी जिसका लाभ बागबेड़ा के भूगर्भ जल स्तर को मिलेगा।

लगातार नीचे सरक रहा है जलस्तर

बागबेड़ा का भूगर्भ जल स्तर लगातार नीचे सरक रहा है। कभी यहां 250 फीट पर पानी था। मगर इस साल यह भूगर्भ जल स्तर काफी नीचे चला गया है। सरकार ने भूगर्भ जल स्तर के मामले में बागबेड़ा को काली सूची में डाल दिया है। इसके बाद भी अब तक इलाके का भूगर्भ जल स्तर ऊंचा उठाने और स्थिति को संभालने के कोई खास प्रयास नहीं किए गए हैं।

एनएच-33 के हनुमान मंदिर में हो गई चोरी

चोरी की सूचना पर जुटे लोग ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : मानगो में एनएच-33 स्थित राम लक्ष्मण हनुमान मंदिर में रविवार की रात चोरी हो गई। मंदिर से 6000 रुपये नकद के साथ-साथ ध्वनि यंत्र (माइक सेट) भी चोरी हो गई। मंदिर के मुख्य प्रबंधक दयाकांत तिवारी ने इस घटना की जानकारी पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। सूचना मिलने के बाद विकास सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी मानगो थाना को दी। मुख्य पुजारी सूर्यकांत पांडे ने बताया कि रात 10 बजे मंदिर का पट बंद कर सभी लोग घर चले गए थे। सुबह जब मंदिर खोला गया, तो देखा कि सारा सामान बिखरा था। अलमारी में रखा माइक सेट सहित रुपये भी गायब थे। यह सारा सामान मंदिर की नियमित आरती और संचालन में उपयोग होता था।

गोलमुरी में लगा रोलेक्स सर्कस, चलेगा एक माह

करतब दिखाते सर्कस के कलाकार ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : गोलमुरी स्थित सर्कस मैदान में सोमवार से रोलेक्स सर्कस जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा दास ने कोलकाता से आए सर्कस का उद्घाटन किया। सर्कस के मैनेजर आरके सिंह ने बताया कि सर्कस में करीब 80 कर्मचारी हैं, जिसमें भारत के विभिन्न प्रदेशों के प्रतिभावान कलाकार शामिल हैं। जमशेदपुर में यह सर्कस एक महीने रहेगा। जनता की भीड़ को देखते हुए आगे बढाने पर भी विचार किया जा सकता है। सर्कस तीन शो में चलेगा जिसका समय दोपहर 1 बजे से, शाम 4 बजे से और शाम 7 बजे से निर्धारित है। टिकट की बुकिंग एडवांस में भी की जाएगी। टिकट का दर 100, 150 और 200 रुपये है। उन्होंने कहा कि सर्कस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में सर्कस के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए, जिसे देखकर दर्शक काफी आनंदित हुए।

भुइयांडीह में धूमधाम से मनाया गया हूल दिवस, बलिदानियों को अर्पित किए गए श्रद्धासुमन, खूब लगे नारे

याद किए गए सिदो-कान्हू, चांद-भैरव व फूलो-झानो

PHOTON NEWS JSR : देश की आजादी के पहले बड़े जनआंदोलनों में शुमार हूल विद्रोह की 170वीं वर्षगांठ सोमवार को जमशेदपुर के भुइयांडीह में श्रद्धा और गर्व के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर सिदो-कान्हू चौक पर उनकी प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक संगठनों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा से जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी और जदयू एसटी मोर्चा के नेताओं सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए आदिवासी समाज के इन नायकों ने जो मशाल जलाई, वह आज भी हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देती है।

कांग्रेस नेता आनंद बिहारी दुबे ने युवाओं से अपील की कि सिदो-कान्हू और अन्य वीरों का इतिहास पढ़ना जरूरी है ताकि आजादी की असली बुनियाद को समझा जा सके।

भुइयांडीह में सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि देने पहुंचे डीसी कर्ण सत्यार्थी (दाएं)

उपायुक्त ने वीर सपूतों को किया नमन

पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने भी सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि हूल विद्रोह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी। उपायुक्त ने चांद-भैरव, फूलो-झानो जैसे अन्य वीरों को भी याद करते हुए कहा कि इन महान बलिदानियों का त्याग और साहस हमें आज सामाजिक न्याय और समरसता के लिए काम करने की प्रेरणा देता है।

जद (यू) ने भी किया आयोजन, सरयू हुए शामिल

जनता दल (यूनाइटेड) एसटी मोर्चा ने बिरसानगर चौक स्थित सिदो-कान्हू स्मारक स्थल पर हूल दिवस मनाया। विधायक सरयू राय की उपस्थिति में नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जदयू नेता प्रकाश कोया ने कहा कि सिदो-कान्हू और फूलो-झानो की जीवनगाथा सदियों तक लोगों को प्रेरणा देती रहेगी।

कार्यक्रम में कुलविंदर सिंह पन्नू, सुलोचना मुंडा, राहुल सिन्हा, शंकर कर्मकार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने हूल क्रांति के नायकों को याद कर उनके सपनों के भारत की बात की।

सांसद व विधायक ने अर्पित की श्रद्धांजलि

CHAIBASA : आदिवासी मित्र मंडल, चक्रधरपुर में सोमवार को हूल दिवस मनाया गया। इस मौके पर सांसद जोबा मांझी और खरसावां के विधायक दशरथ गागराई ने हूल विद्रोह के नायकों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। चेताम दिशोम माझी परगना पीढ़ पोड़ाहाट सारंडा, आनंदपुर, उसूल पिंडा पोटका चक्रधरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हूल क्रांति के अमर नायक सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने आदिवासी मित्र मंडल भवन निर्माण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां रेलवे की जमीन पर कई धार्मिक स्थलों का निर्माण हुआ है, लेकिन रेलवे को केवल आदिवासी मित्र मंडल के भवन पर आपत्ति है। विधायक ने कहा कि सांसद के नेतृत्व में चक्रधरपुर व मनोहरपुर के विधायक भी डीआरएम से वार्ता कर शांतिपूर्वक भवन निर्माण की मांग करेंगे। विधायक ने कहा कि अगर रेलवे आनाकानी करता है तो रेलवे ट्रैक जाम कर देंगे। एक भी आयरन ओर की मालगाड़ी जाने नहीं देंगे। सांसद ने कहा कि जल्द ही डीआरएम से वार्ता के लिए समय निर्धारित किया जाएगा। कहा कि रेलवे लीज पर भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करता है तो यहां डीएमएफटी से नए भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर देश परगना छोटो मुर्मू, राजनाथ हेम्ब्रम, लांगो माझी, कालिया जामुदा, जुझार मार्डी, अंतो माझी, राम मुर्मू, गणेश बेसरा, रेशमी मार्डी, कादम्बनी माझी, सीता मुर्मू समेत काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंची सांसद जोबा मांझी व विधायक दशरथ गागराई

हूल दिवस पर गालूडीह से निकली बाइक रैली

GHATSILA : हूल दिवस पर रविवार को गालूडीह से बाइक रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष दुर्गाचरण मुर्मू व विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने किया। रैली जोजोगोडा, जगन्नाथपुर चौक, हंदलजुड़ी फुटबॉल मैदान, कालझोर और बैतालपुर में वीर शहीद सिदो-कान्हू एवं तमाम आदिवासी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रैली का स्वागत हूल माहा कमेटी ने किया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि रैली केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि हूल क्रांति की विरासत को पुनर्जीवित करने का संकल्प है। हमारी अस्मिता, संघर्ष और बलिदान की आवाज आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। इस मौके पर काफी संख्या में झामुमो के नेता, कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

आरपीएफ व उत्पाद विभाग ने 98 बोतल कफ सिरप किया बरामद

SAHARSA : बिहार में शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन करने हेतु आरपीएफ एवं उत्पाद विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है,जिस कारण अब तक शराब एवं कफ सिरप की कई खेप में पकड़ में आया है। सोमवार को आरपीएफ उप निरीक्षक सुजीत कुमार मिश्र एवं उत्पाद निरीक्षक संजीत कुमार के साथ समपार फाटक संख्या 30 पर प्रधान आरक्षी सोनेलाल टुडू द्वारा निरीक्षण क्रम में सहरसा मानसी रेलखंड पर सर्वा ढाला समपार फाटक आउटर सिग्नल के समीप रेललाइन के पास झाड़ी सें लावारिस बैग बरामद हुआ,जिसकी संयुक्त तलाशी में 98 बोतल कोडीनयुक्त कोरेक्स बरामद किया गया। उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि सर्वा ढाला रेल लाइन सें सटे पश्चिम झाड़ी से एक स्लेटी रंग का पिट्ठू बैग पड़ा मिला।

वार्ड संख्या 10 के उप-चुनाव में गुनेश्वर मंडल ने मारी बाजी

BHAGALPUR : नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 में उपचुनाव के नतीजे सोमवार को घोषित कर दिए गए। इस चुनाव में तीन प्रत्याशी के रूप में गुनेश्वर मंडल, वहीदा प्रवीण और शाहिदा खातून ने पार्षद पद के लिए चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाई थी। आज सदर एसडीओ कार्यालय के सभागार में संपन्न मतगणना के दौरान गुणेश्वर मंडल ने अपने दोनों प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए 238 मतों से शानदार जीत दर्ज की।

परिणाम घोषित होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। समर्थकों ने विजयी प्रत्याशी को फूल मालाओं से लाद दिया और गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया। गुनेश्वर मंडल ने जीत के बाद कहा कि पहले मेरे बेटे जीवन मंडल वार्ड संख्या 10 के पार्षद थे। लेकिन बीपीएससी शिक्षक पद पर नौकरी लगने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

दो ट्रकों के आमने-सामने की टक्कर में चालक व सह-चालक जख्मी

BHAGALPUR : भागलपुर खगड़िया मुख्य मार्ग पर भवानीपुर-पसराहा सीमा क्षेत्र के समीप सोमवार को दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं चालक और सह चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पसराहा पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद ट्रक में फंसे चालक और सहचालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गम्भीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि बांका जिला के सह चालक अंकज कुमार झारखंड से ट्रक में गिट्टी लोड कर खगड़िया जा रहे थे।

पटना में उमस भरी गर्मी, कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की आ सकती है कमी

AGENCY PATNA : बिहार में मानसून की सक्रियता के साथ मौसम में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। राज्य के अधिकांश जिलों में हल्की या मध्यम दर्ज से बारिश हो रही है। इससे कई जिलों में लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की है। राजधानी पटना में सोमवार सुबह से धूप निकली और आठ बजे के बाद कुछ समय हुई हल्की बारिश से मौसम उमस भरा रहा।

नालंदा, अररिया और पटना के कुछ इलाकों में आज बारिश होने से इन जिलों का मौसम काफी सुहावना हो गया है। किशनगंज और जमुई में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं और मौसम विभाग ने जल्द ही यहां बारिश की भी संभावना जतायी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बिहार के लगभग सभी जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार 19 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 19 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी है, जबकि येलो अलर्ट वाले जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इनमें पटना, नालंदा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, कटिहार, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद शामिल हैं। बारिश के कारण तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की उम्मीद है, हालांकि उमस बनी ही रहेगी।

मौसम विभाग ने 2 जुलाई तक दक्षिण बिहार में भयंकर बारिश की आशंका जताई है। खासकर गया, नवादा, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर जैसे जिलों में। तेज आंधी (40-60 किमी/घंटा) और वज्रपात का भी खतरा बना रहेगा।

आईएमडी ने लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम में खुले खेतों, पेड़ों के नीचे या ऊंचे स्थानों पर न जाएं और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

कस्टम क्षेत्र में आता है यह लैंड, अधिकारियों ने निर्माण कार्य रोकने का किया प्रयास

भारत-नेपाल मैत्री पुल पर एसएसबी पोस्ट निर्माण को लेकर बढ़ा विवाद

निर्माण स्थल पर उपस्थित दोनों देशों के अधिकारी

AGENCY EAST CHAMPARAN : भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल के पैदल यात्री फुटपाथ पर उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 47वीं बटालियन के जवानों ने नए पोस्ट निर्माण का कार्य शुरू किया। यह स्थान भारत के लैंड कस्टम क्षेत्र में स्थित है। निर्माण कार्य की सूचना मिलते ही कस्टम अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर इसे अवैध बताते हुए कार्य को रोकने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लैंड कस्टम एरिया में किसी अन्य एजेंसी को बिना अनुमति के न तो निर्माण का अधिकार है और न ही वहां स्थायी रूप से तैनात होने का वैधानिक अधिकार है।

इस बीच, बड़ी संख्या में एसएसबी जवान हथियारों के साथ मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। स्थिति और अधिक जटिल तब हो गई जब नेपाल सशस्त्र प्रहरी (एपीएफ) के परसा जिले के डीएसपी लोकेंद्र बहादुर सुब्बा भी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने भारत द्वारा नो मेंस लैंड में हो रहे निर्माण को भारत-नेपाल मैत्री संबंधों का उल्लंघन बताया और इसका विरोध दर्ज कराया। घटना स्थल पर मौजूद एसएसबी 47वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट दिव्यांशु चौहान, नेपाल के डीएसपी और कस्टम अधिकारियों के बीच इस मुद्दे पर लंबी चर्चा हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि इस मामले को लेकर हरैया थाना को सूचना दी गई है और कस्टम अधीक्षक द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आवेदन भी दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 10 मार्च 2024 को तत्कालीन एसएसबी आईजी पंकज दरार द्वारा गृह मंत्रालय के आदेश पर इसी स्थान पर बने अस्थायी पोस्ट को नागरिक शिकायतों के आधार पर हटा दिया गया था। तब समाधान स्वरूप हेल्प डेस्क के रूप में केवल दो महिला कांस्टेबल की तैनाती की गई थी। अब दोबारा उसी स्थान पर पोस्ट निर्माण किए जाने से विवाद ने फिर तूल पकड़ लिया है। फिलहाल पोस्ट निर्माण को लेकर सीमा पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच बातचीत का सिलसिला जारी है। एसएसबी 47 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट दिव्यांशु चौहान ने बताया कि भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा को लेकर 15 किलोमीटर के दायरा आता है। सीमा की सुरक्षा को लेकर अस्थाई पोस्ट का निर्माण कराया जा रहा है। वही कस्टम आयुक्त मोहन कुमार मीणा ने बताया की कस्टम एरिया में एसएसबी के द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण को लेकर पूर्वी चंपारण के डीएम व एसपी को सूचना की गई है।

नगर परिषद के पार्षद उप-चुनाव में चुन्नी खातून ने नजराना खातून को 254 मतों से किया पराजित

AGENCY ARARIA : फारबिसगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 15 के पार्षद पद के लिए शनिवार को हुए मतदान का मतगणना का कार्य भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में हुई। जिसमें चुन्नी खातून पति कुद्दूस अंसारी ने अपने एकमात्र प्रतिद्वंदी नजराना खातून पति मो.इस्लाम को 254 मतों के भारी अंतराल से पराजित किया। चुन्नी खातून को 541 मत प्राप्त हुए जबकि नजराना खातून को 287 मत प्राप्त हुआ। फारबिसगंज अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी अविनाश कृष्ण ने चुन्नी खातून को विजय घोषित करते हुए परिणाम की घोषणा की और जीत के सर्टिफिकेट प्रदान किया। मौके पर बीडीओ संजय कुमार, सीओ ललन कुमार ठाकुर, पर्यवेक्षक के रूप में किशनगंज के योजना विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार हाजरा, डीपीआरओ शशिरंजन कुमार, मार्केटिंग ऑफिसर भरगामा और फारबिसगंज मौजूद थे। चुनाव परिणाम की घोषणा के साथ ही मतगणना केंद्र के बाहर जमा समर्थकों की भीड़ ने जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर बधाई दी।सर्टिफिकेट मिलने के बाद ओपन रूफ वाली कार में सवार होकर विजयी हुई चुन्नी खातून समर्थकों के साथ विजयी जुलूस निकालते हुए वार्ड पहुंचकर अपने मतदाताओं का आभार प्रकट की। इस दौरान उनके समर्थक बैंड बाजे के धुन पर थिरकते और गुलाल उड़ाते हुए जमकर पटाखे फोड़े और आतिशबाजियां की। मौके पर विजयी हुई चुन्नी खातून ने कहा कि वार्ड में साफ सफाई के साथ सबों को साथ लेकर वार्ड में विकास का कार्य करेगी।जनता ने उन पर जो भरोसा दिखाया है और उन्हें दायित्व सौंपी है, उस पर पूरी तरह से खड़ी होने की सकारात्मक प्रयास करेगी। उल्लेखनीय हो कि फारबिसगंज नगर परिषद का वार्ड संख्या 15 के पार्षद पद के चुनाव को लेकर शहर के कई बड़े सियासतदानों ने अपनी नाक की लड़ाई बना रखी थी।

सफाई कर्मियों ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

प्रदर्शन करते सफाई कर्मी

AGENCY NAVADA : बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ शाखा नवादा के बैनर तले सोमवार को नगर परिषद के सैकड़ो कर्मचारियों ने 18 हजार वेतन करने की मांग को लेकर नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया। कर्मचारियों ने कार्यपालक पदाधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी की। जुलूस नगर भवन से पुरानी कचहरी रोड होते हुए नगर परिषद कार्यालय के समक्ष पहुंची, जहां रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद तीन सूत्री मांग पत्र कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा गया। मांगों में सीवान नगर परिषद की तर्ज पर सभी सफाई कर्मियों को 18000 हजार रुपए मासिक वेतन देने , 20-30 वर्षों से सफाई कार्य में लगे मजदूरों को नियमित करने, सभी सफाई कर्मियों को वर्दी, जूता, टोपी, दवा आदि की व्यवस्था करने, 44 सफाई कर्मियों को खाता खोलकर खाता में वेतन डालने की मांग शामिल है। प्रदर्शन को संबोधित करते खेगरामस जिला सचिव अजीत कुमार मेहता ने कहा नगर परिषद प्रशासन मजदूरों से न्यूनतम से भी कम मजदूरी पर काम ले रही है। यह मजदूर विरोधी है, जबकि श्रम संगठन के फैसले में हर छह माह पर महंगाई को देखते हुए 10% वेतन बढ़ोतरी करना जरूरी है, परन्तु आज तक उस दिशा में कोई प्रयास नहीं करना, श्रम संगठन के फैसले का उल्लंघन है। माले कार्यकर्ता कॉम श्यामदेव विश्वकर्मा ने कहा नीतीश बीजेपी राज में नगर परिषद की राशि को लूटने की खुली छूट ठीकेदारों को दे दिया है, उस राशि को बंदरबांट कर सभी अधिकारी व नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष लूटकर मालामाल हो रहे।

प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

BHAGALPUR : गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल भागलपुर में सोमवार को जी डी सलारपुरिया फाऊंडेशन कोलकाता के तत्वावधान में राकेश सलारपुरिया स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध समाजसेवी लक्ष्मी नारायण डोकानिया, विद्यालय के अध्यक्ष डॉ चंद्रभूषण सिंह, डॉक्टर पवन कुमार पोद्दार पूर्व कुलपति, विनोद बिहारी महतो, दिलीप कुमार ढाढानिया एवं प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लक्ष्मी नारायण डोकानिया ने कहा कि प्रतिभावान छात्रों को और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है। वैसे छात्रों से देश को अपेक्षा है। मौके पर चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि जीवन में नैतिकता, ईमानदारी, लक्ष्य के प्रति समर्पण और कठिन परिश्रम सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

ग्रामीण इलाकों में कल से स्वच्छता सर्वेक्षण

AGENCY ARARIA : स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत सोमवार को डीआरडीए सभागार में डीडीसी रोजी कुमारी की अध्यक्षता में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का उन्मुखीकरण किया गया। मौके पर डीडीसी रोजी कुमारी ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का कार्य अररिया जिला में 02 जुलाई से आरंभ किया जायेगा, जिसमें घर-घर जाकर सूचना संग्रह की जायेगी। इसमें शौचालय की सुलभता, गांवों की साफ सफाई एवं अपशिष्ट का प्रबंधन इत्यादि पहलुओं का अवलोकन कर अंक दिये जायेंगे, जिससे जिला स्तर पर पंचायतों की रैंकिंग की जायेगी। अच्छे अंक एवं अच्छी रैंकिंग के लिए जिला में प्रतिस्पर्धा का वातावरण ग्रामीण क्षेत्रों में प्रारंभ होगा।जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का कार्य कराया जा रहा है। 1000 अंक का सर्वेक्षण होगा,जिसमें शौचालय, साफ सफाई, कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन का अंक दिए जायेंगे। इसमें स्वच्छता के कार्य हेतु मानव संसाधन गांवों घरो और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता की स्थिति का आकलन किया जायेगा एवं नागरिकों से साक्षात्कार एवं मोबाईल ऐप के माध्यम से फीडबैक भी प्राप्त किया जायेगा। जिले के पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, हाट बाजार, धार्मिक स्थल, सामुदायिक शौचालय एवं धूसर जल प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधा का केन्द्र,स्कूल आदि का 15 सदस्यीय टीम द्वारा सर्वे किया जायेगा, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारीयों एवं पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, प्रधानाध्यापक, एएनएम आदि सर्वेकर्ता को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

भारतीय निर्वाचन आयोग ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है वोटर लिस्ट

4.96 करोड़ वोटरों को नहीं है किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत

AGENCY PATNA : भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार की 2003 की मतदाता सूची को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इस सूची में 4.96 करोड़ मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। इससे विधानसभा चुनाव से पहले चल रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान में बड़ी राहत मिलेगी।

क्यों किया गया सार्वजानिक

भारतीय निर्वाचन आयोग के 24 जून 2025 के निदेर्शों के तहत यह सूची सीईओ, डीईओ और ईआरओ के जरिए बीएलओ को हार्ड कॉपी में दी जाएगी। साथ ही, इसे ऑनलाइन भी सार्वजनिक किया गया है ताकि लोग नाम जोड़ने या संशोधन के लिए इसका उपयोग कर सकें।

आयोग ने बताया कारण : 2003 की सूची में जिनका नाम दर्ज है, उन्हें बस विवरण सत्यापित कर फॉर्म भरना होगा। जिनके माता-पिता का नाम सूची में है उन्हें उनके दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आयोग ने कहा कि हर चुनाव से पहले संशोधन जरूरी है ताकि सूची में मृत्यु, स्थानांतरण, शादी, रोजगार या उम्र पूरी करने जैसे बदलावों को दर्ज किया जा सके। संविधान के आर्टिकल 326 के तहत 18 साल से अधिक उम्र के निवासी मतदाता बनने के योग्य हैं। आयोग का यह कदम पारदर्शी सूची सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

क्या बोले कांग्रेस नेता : बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर कांग्रेस के नेता भाजपा को भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। इसी बीच बिहार की राजधानी पटना पहुंचे राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन बड़ा मुद्दा है। पता नहीं इनकी मंशा क्या है? हम बार-बार कहते हैं कि ये लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं।

आयुष हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

SAHARSA : कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के संरक्षक व पूर्व जिला पार्षद प्रवीण आनंद के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने सोमवार को डीआईजी से मिलकर आयुष हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने के लिए आग्रह किया। मोर्चा के अध्यक्ष विनोद कुमार झा ने कहा कि पुलिस प्रशासन निष्पक्ष जांच करे तो आयुष के माता पिता को न्याय मिल सकता है। परिवार के अन्य सदस्यों सहित ग्रामीणों पर किए गए मुकदमों को वापस लेने मोबाइल और लैपटॉप की जांच कराने सुसाइड नोट की लिखावट की जांच सहित 14 बिन्दुओं पर जांच करने का आग्रह करते हुए शिष्टमंडल को डीआईजी मनोज कुमार ने कहा कि हमें समय दिजिए हम सही से सभी बिन्दुओं पर जांच करेंगे और दोषी कोई भी रहे उसे सलाखों के पीछे भेजेंगे।

छात्रा आर्या अग्रवाल को राज्यपाल ने मेडल देकर किया सम्मानित

AGENCY BHAGALPUR : राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आनंदराम ढांढनियां सरस्वती विद्या मंदिर, भागलपुर के दशम कक्षा की छात्रा आर्या अग्रवाल को आज अंग वस्त्र, मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके माता-पिता को भी प्रांत प्रचारक उमेश रंजन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सम्मानित किया। आर्या अग्रवाल ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। राज्यपाल ने विद्या भारती के इस सम्मान समारोह की सराहना करते हुए कहा कि बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए यह प्रयास सराहनीय है। इस उपलब्धि से निश्चित रूप से विद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राणा प्रताप ने कहा कि आर्या अग्रवाल की इस उपलब्धि से विद्यालय का गौरव बढ़ा है और यह अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

सृजन से लोकमंगल

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतिंग भी नवसृजन हैं। नन्ही गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बंदरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनंद की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुंदरतम् सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है, इसलिए मनुष्य भी सुंदरतम् सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए। आनंद हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनंद है। यह आनंद स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोक आनंद व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इंद्रधनुष रचने के लिए उसे इंद्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अंतस् में सत चित आनंद का गीत है। सत्य, शिव और सुंदर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केंद्र है। शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परंपरा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था, लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे घर का भेदी ही कहा। लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को स्वांतः सुखाय बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमंडल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्वसुख और स्वांतः सुख में अंतर भी है। स्वांतः में अंतस् का अंतिम छोर है। भारतीय चिंतन में स्व अंतस का अंतिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा सुरसरि सम सबका हित होई से ध्येयबद्ध है। सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन का लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरंतन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखांत पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मयार्दा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परंपरा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते, लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है और आकाश से भी ऊंचा क्या। युधिष्ठिर ने कहा, माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊंचा। ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है। परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियां प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएं हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष हैं। लेकिन, हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे बच्चे को स्तनपान कराने के लिए मां झुकती है। विश्वामित्र ने कहा था, हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूंगा। सामंती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन, वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अंतस से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था- हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से। वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परंपरा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सियाराममय है और बारंबार प्रणम्य है- सियाराममय सब जग जानी, करूऊ प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। मां-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, मां है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। संपूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाषा है। यहां काम भी अध्यात्म है। हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं।

संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते राहुल गांधी

ANALYSIS

✍ डॉ. आशीष वशिष्ठ

राहुल गांधी ने मैच फिक्सिंग महाराष्ट्र शीर्षक से 7 जून को एक लेख लिखा, जो कई अखबारों में छपा। उन्होंने भाजपा पर सुनियोजित तरीके से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया। यह कोई पहला ऐसा मौका नहीं है, जब राहुल गांधी ने संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठया हो या फिर उन्हें कटघरे में खड़ा करने का काम किया हो। वो आदतन अक्सर ऐसा करते रहते हैं। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था के रूप में स्थापित करता है, जिसे संसद, राष्ट्रपति, विधानसभा और सभी निर्वाचित निकायों के चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने का दायित्व दिया गया है। यह संस्था न तो कार्यपालिका के अधीन है और न ही किसी राजनीतिक दबाव में काम करती है। भारतीय निर्वाचन आयोग केवल एक प्रशासनिक निकाय नहीं, बल्कि विवाद निराकरण और मतदाता विश्वास निर्माण की भी जिम्मेदारी निभाता है। आयोग मतदान प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाने के लिए कई स्तर पर काम करता है। राहुल गांधी सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए कुछ भी बयान देते हैं, पर तर्क और तथ्य की कमी होती है।

नवंबर 2024 में महाराष्ट्र चुनाव में करारी पराजय के बाद कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने चीखना शुरू कर दिया था- ईवीएम में भूत है, जो भाजपा को ही वोट भेजता है। अप्रैल 2025 में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौरे में बोस्टन की एक मीटिंग को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र चुनाव का उल्लेख कर चुनाव पर बड़े सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में चुनाव आयोग कंप्रोमाइज्ड है। राहुल गांधी ने मैच फिक्सिंग महाराष्ट्र शीर्षक से 7 जून को एक लेख लिखा, जो कई अखबारों में छपा। उन्होंने भाजपा पर सुनियोजित तरीके से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया। यह कोई पहला ऐसा मौका नहीं है, जब राहुल गांधी ने संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठया हो या फिर उन्हें कटघरे में खड़ा करने का काम किया हो। वो आदतन अक्सर ऐसा करते रहते हैं। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था के रूप में स्थापित करता है, जिसे संसद, राष्ट्रपति, विधानसभा और सभी निर्वाचित निकायों के चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने का दायित्व दिया गया है। यह संस्था न तो कार्यपालिका के अधीन है और न ही किसी राजनीतिक दबाव में काम करती है। भारतीय निर्वाचन आयोग केवल एक प्रशासनिक निकाय नहीं, बल्कि विवाद निराकरण और मतदाता विश्वास निर्माण की भी जिम्मेदारी निभाता है। आयोग मतदान प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाने के लिए कई स्तर पर काम करता है। राहुल गांधी सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए कुछ भी बयान देते हैं, पर तर्क और तथ्य की कमी होती है। इससे समाज में भ्रम फैलता है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर पड़ती है। विदेशी धरती पर जाकर वो देश का अपमान, मोदी सरकार की आलोचना और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का कोई अवसर चूकते नहीं हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा

(ब्रोकेन) हुआ था, अब यह लड़ रहा है। उनका यह कहना लोकतंत्र की मूल भावना पर ही सवाल उठाता है। खासकर तब जब, भारत में लगातार चुनाव होते रहे हैं और सरकारें बदलती रही हैं। बीते 10-11 वर्षों में देश में कई ऐसी सरकारें बनी हैं, जिसमें भाजपा को हराने के बाद कांग्रेस को मौका मिला है। मतलब, अगर नतीजे राहुल और उनकी पार्टी के लिए अच्छे रहें तो लोकतंत्र ठीक है और नहीं तो वह ब्रोकेन हो जाता है। सितंबर 2023 में राहुल गांधी ने ब्रसेल्स में यूरोपियन यूनियन में कहा कि भारत में फुल स्केल एसॉल्ट हो रहा है। उन्होंने भारतीय संस्थाओं की निष्पक्षता पर संदेह जताया। मई 2022 में लंदन में आइडियाज फॉर इंडिया सम्मेलन में राहुल ने कहा कि भारत की संस्थाएं परजीवी बन गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डीप स्टेट भारत को चबा रहा है। यहां डीप स्टेट का मतलब सरकार के अंदर छिपे हुए ऐसे ताकतवर लोग हैं, जो अपने फायदे के लिए काम करते हैं। राहुल गांधी ने भारत की तुलना पाकिस्तान जैसे अस्थिर लोकतंत्र से भी कर दी। 2017 में ही अमेरिका में राहुल गांधी ने कहा कि भारत अब वह नहीं रहा, जहां हर कोई कुछ भी कह सकता है। उन्होंने विदेश की धरती पर भारत में फ्री स्पीच की स्थिति पर संदेह पैदा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भारत में सहनशीलता खत्म हो गई है

जबकि, हकीकत ये है कि राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक जब जो जी में आता है, बयान देते रहे हैं और सरकार को छोड़ दें, शायद ही कोई संवैधानिक संस्था बची हो, जिस पर उन्होंने निशाना न साधा हो। राहुल गांधी यह क्यों भूल जाते हैं कि भारतीय चुनाव आयोग ने ही वे चुनाव संपन्न करवाए हैं, जिनके दम पर वह आज विपक्ष के नेता पद पर बैठे हुए हैं। उनके परिवार के तीन-तीन सदस्य इन्हीं चुनावी प्रक्रियाओं का सहारा लेकर संसद में मौजूद हैं। यहीं की संवैधानिक संस्थाओं ने उन्हें इतनी राहत दी हुई है कि नेशनल हेराल्ड केस में गंभीर आरोपों के बावजूद वो और उनकी मां सोनिया गांधी को जमानत मिली हुई है। बीते कुछ वर्षों में राजनीतिक तौर पर भले भारत की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने का चलन बन गया हो, लेकिन भारत के चुनाव आयोग की प्रशंसा केवल देश के भीतर ही नहीं संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों और कई विदेशी सरकारों द्वारा भी की गई है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल के 2020 के एक अध्ययन में भारत के चुनाव आयोग को वन ऑफ द मोस्ट रोबस्ट इलेक्टोरल इंस्टीट्यूशंस ग्लोबलीह्व (विश्व स्तर पर सबसे मजबूत चुनावी संस्थाओं में से एक) कहा गया। यही नहीं 2014, 2019 और 2024 के आम चुनावों में भारत ने पूरी दुनिया को दिखाया कि तकनीक, प्रशिक्षण और जनता की भागीदारी के माध्यम से एक निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संभव है। बीते मई को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने चुनाव आयोग से मुलाकात कर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को उठाया था। यह बातचीत निर्वाचन आयोग की उस नई पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों को सीधे तौर पर सुनकर चुनावी प्रक्रिया को अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाना है। चुनाव आयोग ने अब तक देशभर में कुल 4719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की हैं। इन बैठकों में अब तक 28 हजार से अधिक राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से लिखित में तथ्यों की मांग की और चर्चा के लिए भी आमंत्रित किया है और अब यह दायित्व बनता है कि आरोप लगाने वाले नेता उन्हें उचित प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तुत करें। हालांकि राहुल गांधी के पूर्व रिकार्ड के हिसाब से ऐसा लग नहीं रहा है कि वो चुनाव आयोग के सामने जाएंगे। इसके लिए उन्होंने अभिषेक सिंघवी, विवेक तन्खा जैसे बड़े वकीलों और पार्टी के अन्य नेताओं को रखा हुआ है। राहुल गांधी का काम सिर्फ आरोप लगाना है। अगर एजेंसी आरोपों का जवाब देना चाहती है, तो वह सुनना उनका काम नहीं है। कमोबेश ऐसा ही आचरण उनका संसद में भी है। असल में राहुल गांधी आरोप लगाकर सामने वाले का पक्ष या जवाब सुनने की बजाय कोई नया आरोप लगाने की तैयारी में जुट जाते हैं। तथ्य और तर्क से उनका कोई लेना-देना नहीं रहता। तथ्य यह भी है कि नवंबर 2024 में विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस की ओर से इसी तरह के मुद्दे उठाए गए थे। आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को कांग्रेस पार्टी को एक विस्तृत जवाब दिया था, जिसकी प्रति चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि राहुल गांधी इस अध्याय का पटाक्षेप नहीं चाहते हैं। उनकी पार्टी इस मामले को जिंदा रखना चाहती है, ताकि आगे के चुनाव नतीजों को सुविधा के हिसाब से संदिग्ध बनाया जा सके।

राजनीतिक एजेंडे की भेंट चढ़ता पुरातत्व

इतिहास के राजनीतिकरण ने देश में लगातार विवादों को जन्म दिया है। तमिलनाडु के कीलड़ी पुरातात्विक स्थल के साथ इसमें एक और अध्याय जुड़ गया। राज्य की द्रमुक सरकार ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई पर कीलड़ी उत्खनन को रोकने और राज्य में पुरातात्विक प्रयासों की उपेक्षा के आरोप लगाए हैं। इस विवाद का जन्म एएसआई निदेशकों द्वारा कीलड़ी के मुख्य पुरातत्वविद अमरनाथ रामाकृष्णन की रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण और अतिरिक्त साक्ष्य मांगने के कारण हुआ है, क्योंकि पुरातात्विक सर्वेक्षण बहुविषयी समझ पर आधारित होते हैं। प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए एएसआई में विशेषज्ञों द्वारा ऐसे स्पष्टीकरण मांगना सामान्य प्रक्रिया है। हालांकि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इन सवालों को तमिल संस्कृति पर हमला बताया है। राज्य के एक अन्य मंत्री थंगम तेन्नरसु ने कहा है कि कीलड़ी रिपोर्ट को नकारना तमिलों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाए रखने का षड्यंत्र है। यह आरोप इसलिए हास्यास्पद है, क्योंकि स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल को विश्व की सबसे पुरानी भाषा बताया है। तथ्यात्मक न होने पर भी यह कथन केंद्र की मंशा व्यक्त करता है। मोदी सरकार ने ही चेन्नई के बाद तिरुचिरापल्ली में एएसआई के दूसरे सर्किल का गठन किया है और देश के जिन पांच पुरातात्विक स्थलों को संग्रहालय बनाने का निर्णय लिया है, उनमें तमिलनाडु का आदिच्चनल्लूर भी शामिल है। द्रमुक सरकार के आरोपों के जवाब में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि उत्खनन रिपोर्ट जारी करने में किसी को आपत्ति नहीं है, परंतु तमिलनाडु की विरासत का सम्मान विभाजनकारी भावनाएं भड़काने के बजाय बौद्धिक ईमानदारी से होना चाहिए। असंतुष्ट द्रमुक अमरनाथ के नियमसम्मत तबादले को भी षड्यंत्र बता रही है। 2015 से 2017 के बीच दो चरणों के उत्खनन में अमरनाथ द्वारा कीलड़ी का काल निर्धारण 200 ईसा पूर्व किया गया, जो 400 ईसा पूर्व से 300 ईस्वी की सर्वमान्य संगम काल अवधि में पहुंचता है, परंतु बाद में उन्होंने इसकी अवधि को 800 ईसा पूर्व में पहुंचा दिया। दिलचस्प बात यह है कि राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा 2018 में चौथे चरण के उत्खनन से प्राप्त छह अवशेषों की कार्बन डेटिंग में एक सैंपल की डेटिंग 580 ईसा पूर्व ही बताई गई थी। पुरातत्व में डेटिंग का अपना महत्व है, लेकिन रेडियोकार्बन प्रयोगशाला केवल चारकोल में परिवर्तित होने वाले पेड़ की मृत्यु की तिथि बता सकती है। यह तिथि उस स्थान के बारे में तब तक कुछ अधिक नहीं बता सकती जब तक इस डेटिंग को स्थल की स्ट्रैटीग्राफी और लेयर मार्किंग से जोड़कर न देखा जाए। रामाकृष्णन की रिपोर्ट में स्ट्रैटीग्राफी स्पष्ट नहीं थी। साथ ही कुछ खंदकों से संबंधित मिट्टी एवं जैविक नमूनों आदि की जांच रिपोर्ट भी शामिल नहीं थीं। रामाकृष्णन ने यह कहते हुए अपनी रिपोर्ट में परिवर्तन-संपादन से इनकार कर दिया कि इससे निष्कर्षों का महत्व कम हो जाएगा, लेकिन उन्होंने विवादास्पद ईसाई मिशनरी फादर जगत गैस्पर राज को उत्खनन स्थल का दौरा कराया। याद रहे कि लिट्टे को हथियार सप्लाई करने के मामले में जगत गैस्पर राज का नाम एफबीआई की वांछित अपराधियों की लिस्ट में रहा है। गैस्पर राज के दौरे के बाद हाई कोर्ट की मदुरई बेंच में कीलड़ी की कलाकृतियों को राज्य से बाहर न ले जाने की अर्जी डाली गई। रामाकृष्णन का नाम केरल के संदिग्ध पट्टनम उत्खनन से भी जुड़ा है। पट्टनम उत्खनन ईसाई लाबी के दबाव में सेंट थामस के प्रथम शताब्दी में केरल आगमन वाले मिथक को इतिहास के रूप में गढ़ने का प्रयास था। प्रो. वसंत शिंदे, आर. नागस्वामी और टी. सत्यमूर्ति जैसे वरिष्ठ पुरातत्वविदों ने पट्टनम उत्खनन की तीखी आलोचना की है। विश्वविख्यात पुरातत्वविद प्रो. दिलीप चक्रवर्ती ने तो पट्टनम को ईसाई लाबी की कारगुजारी बताया है। जब एएसआई ने इसकी जांच का जिम्मा सौंपा तो रामाकृष्णन ने कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की। पट्टनम की तर्ज पर ही कीलड़ी उत्खनन में भी अतिशयोक्तिपूर्ण दावे किए गए, जो उत्कट तमिल राष्ट्रवाद को उभारने का प्रयास करते हैं। अमरनाथ समेत कई शोधार्थी कीलड़ी को नदी घाटी सभ्यता करार दे रहे हैं, जबकि जिस वैगई नदी पर कीलड़ी स्थित है वह मात्र 250 किमी लंबी मौसमी नदी है। कुछ शोधार्थियों द्वारा इस स्थल को सिंधु घाटी सभ्यता से जोड़ने का प्रयास भी बेतुका है, क्योंकि छठी शताब्दी की काल गणना मान लेने पर भी कीलड़ी सिंधु घाटी सभ्यता के परिपक्व काल 2500 ईसा पूर्व से 1900 साल बाद आती है। कीलड़ी के संबंध में एक अनूठा दावा यह भी किया गया कि यह एक गैर-धार्मिक पुरातात्विक स्थल है। राज्य पुरातत्व की रिपोर्ट में कीलड़ी उत्खनन के हवाले से तमिल ब्राह्मी की तारीख को पीछे करने का प्रयास भी किया गया है। कीलड़ी में तमिल ब्राह्मी केवल दो टुकड़ों पर लिखी मिली है। यह भी नहीं पता कि ये टुकड़े कार्बन-डेटेड चारकोल से कितनी दूरी पर स्थित थे। यही रिपोर्ट कहती है कि इस स्तर पर जो कुछ भी मिला वह 600 ईसा पूर्व और 300 ईस्वी के बीच की अवधि का हो सकता है। इतने सतही आधार पर तमिल ब्राह्मी की तिथि दो शताब्दी पीछे धकेलना चौंकाने वाली बात है। ब्राह्मी लिपि के सबसे बड़े विशेषज्ञ हैरी फाक तो रेडियोमेट्रिक आधार पर तमिल ब्राह्मी के 500 ईसा पूर्व दावे को भी गलत बताते हैं। फाक ऐसी रिपोर्ट को 'क्षेत्रीय अंधराष्ट्रवाद' की उपज मानते हैं। राज्य के पुरातात्विक स्थलों को सिंधु सभ्यता से जोड़कर आर्य-द्रविड़ खांचे को पुख्ता करना, अपने इतिहास को गैर-धार्मिक और शेष देश की संस्कृति से भिन्न बताना, तमिल ब्राह्मी को अशोक ब्राह्मी का जनक बताना-ये सभी बातें तमिलनाडु में पुरातात्विक उत्खनन को जबरन द्रमुक राजनीति के प्रमुख एजेंडा बिंदुओं की दिशा में धकेलती दिखती हैं। इस एजेंडे को स्वयं स्टालिन आगे बढ़ा रहे हैं।

Social Media Corner

सच के हक में...

'ईशावास्यम् इदम् सर्वम्' के जीवन मूल्य पर आधारित हमारी संस्कृति, सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। जब विभिन्न प्राणियों का संवर्धन होगा, तब जैव-विविधता बढ़ेगी और यह धरती तथा मानव जाति खुशहाल होगी। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान जैसी संस्थाओं से मेरी अपील है कि वे जैव-विविधता को बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएं और आदर्श प्रस्तुत करें। आप सब ने निरीह और बेजुबान पशुओं की चिकित्सा और कल्याण के क्षेत्र को अपने आजीविका के रूप में चुना है। मैं सोचती हूं कि आपके इस चुनाव के पीछे सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः की भारतीय सोच का भी योगदान रहा होगा। ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने-समझने की शक्ति दी है उसका उपयोग सभी जीव-जंतुओं के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का 'एक्स' पर पोस्ट)

हूल दिवस हमें अपने आदिवासी समाज के अदम्य साहस और अद्भुत पराक्रम की याद दिलाता है। ऐतिहासिक संथाल क्रांति से जुड़े इस विशेष अवसर पर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के साथ ही उन सभी वीर-वीरांगनाओं का हृदय से नमन और वंदन, जिन्होंने विदेशी हुकूमत के अत्याचार के खिलाफ लड़ते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। उनकी शौर्यगाथा देश की हर पीढ़ी को मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

देश और सरकार के विरोध में भेद करे कांग्रेस

वर्तमान में कांग्रेस संतुलित एवं सामान्य राजनीतिक गतिविधियों वाली पार्टी नहीं दिख रही। राहुल गांधी और उनके सलाहकार-रणनीतिकार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आदि के वक्तव्य-क्रियाकलाप देखकर ऐसा ही लगता है। कई कांग्रेस नेताओं की भी ऐसी ही धारणा है कि उनकी पार्टी की दशा-दिशा और रीति-नीति वह है ही नहीं, जो कांग्रेस की होनी चाहिए। पिछले दिनों मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि आज की कांग्रेस न पं. नेहरू की कांग्रेस है, न इंदिरा गांधी की और यह राजीव गांधी की भी कांग्रेस नहीं है। यह सच है कि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। इस कारण सरकार के फैसलों की निर्मम समीक्षा और विभिन्न मुद्दों पर आक्रामक होकर उसे घेरना कांग्रेस का कर्तव्य है, लेकिन जब बात देश हित की आए तो पार्टी से उम्मीद की जाती है कि वह सामान्य परिपक्वता दिखाएगी, परंतु कांग्रेस इसके ठीक उलट विरोध के नाम पर अतिवादी आचरण करती दिख रही है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी देश के अंदर युद्ध लड़ रहे हैं और भारत में राजनीतिक बदलाव के लिए विदेश से समर्थन पाने की कोशिश में लगे हैं। वे विदेश में भारत की ऐसी डरावनी तस्वीर प्रस्तुत करते हैं- जैसे देश में धर्म, अभिव्यक्ति, राजनीतिक गतिविधियों और अन्य वैयक्तिक स्वतंत्रताओं को सत्ता के दुरुपयोग से नष्ट कर दिया गया है। सोनिया गांधी ने हाल में एक अंग्रेजी दैनिक में लिखे आलेख में ईरान-इजरायल युद्ध में सरकार की नीति की आलोचना करते हुए मांग की कि केंद्र सरकार को इस पर मुंह खोलना चाहिए। उनके कहने का आशय था कि भारत को ईरान के साथ खड़ा होना चाहिए। इजरायल-हमास संघर्ष के दौरान भी कांग्रेस फलस्तीन के बहाने हमास और उसकी समर्थक इस्लामिक शक्तियों के साथ खड़ी दिखी, किंतु उसने हमास द्वारा निरपराध इजरायलियों की हत्या पर एक शब्द नहीं बोला। ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए भारत सरकार ने सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजे। इसमें कांग्रेस के भी सदस्य थे। हैरानी की बात है कि कांग्रेस के रणनीतिकारों ने अपने ही सदस्यों- शशि थरूर, सलमान खुर्शीद, मनीष तिवारी के चरित्र हनन का प्रयास किया। अपने ही नेताओं के वक्तव्यों और भूमिका पर लगातार कटाक्ष से बड़ा अतिवाद क्या हो सकता है। थरूर के विरुद्ध तो पार्टी के अंदर ऐसा अभियान चल रहा है जैसे उन्होंने कांग्रेस से गंभीर विश्वासघात कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश के अंदर भी एक बड़ा दुष्प्रचार अभियान चला, जो आज तक जारी है। राहुल गांधी यहां तक कहने लगे कि ट्रंप ने फोन किया और प्रधानमंत्री ने युद्ध विराम कर दिया। उन्होंने इसकी कोई चिंता नहीं की कि इससे भारत की कमजोर देश की छवि बनती है, जो अमेरिका के दबाव में पाकिस्तान जैसे आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों के विरुद्ध भी कार्रवाई से पीछे हट सकता है। राहुल गांधी चुनाव आयोग जैसी संस्था को भी भाजपा का आदेशपालक साबित करने के लिए हर सीमा लांघ चुके हैं। महाराष्ट्र चुनाव परिणाम के किसी तथ्यात्मक आंकड़े और उत्तर से उनका लेना-देना नहीं है। ईवीएम के विरुद्ध दुनिया भर में अभियान और भारत की चुनाव प्रणाली को बदनाम करना इन दिनों कांग्रेस के एजेंडे में सबसे ऊपर दिख रहा है, जबकि सुप्रीम कोर्ट भी इस पर सुनवाई कर चुका है। बावजूद इसके कांग्रेस के रवैए में बदलाव नहीं आ रहा है। क्या कांग्रेस यह सब अनजाने में कर रही है या इसके पीछे उसकी कोई सोची-समझी दूरगामी नीति और योजना है। मुस्लिम वोट पाने और उसे बनाए रखने की उसकी रणनीति तो साफ है, पर लगता है यह यहीं तक सीमित नहीं है। एक समय दुनिया भर में हिंसक क्रांति से सत्ता परिवर्तन करने या सत्ता पर कब्जा करने की राजनीति करने वाली वामपंथी पार्टियां इसी तरह दुष्प्रचार से छवि बनाती थीं कि संपूर्ण सत्ता कुछ लोगों, पूंजीपतियों की गिरफ्त में है।

गंवा दिया गया मौका

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की चिंगदाओ बैठक, जो बिना साझा बयान के समाप्त हुई, 10 देशों के इस समूह के भीतर दिक्कत का इशारा करती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साझा घोषणा से पीछे हटने को मजबूर हुए, क्योंकि इसमें एक राष्ट्र (पाकिस्तान की ओर संकेत) के कहने पर आतंकवाद का कोई जिक्र नहीं था। यह देखते हुए कि बैठक पहलगाम हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर, जिसके पश्चात आतंकवाद से लड़ने का भारत का संकल्प और मजबूत हुआ है, के बस महज कुछ हफ्तों बाद हुई है, इसे सहज ही समझा जा सकता है। अधिक आश्चर्यजनक यह लगता है कि मसौदा प्रस्ताव न सिर्फ आतंकवाद का जिक्र करने में नाकाम रहा, बल्कि रूस और मेजबान चीन सहित सदस्य देशों ने कथित तौर पर पाकिस्तान के कहने पर बलूचिस्तान में गड़बड़ियों का जिक्र करने पर विचार किया था, जबकि उस पहलगाम हमले और सीमा पार आतंकवाद को छोड़ दिया गया, जिसके लिए भारत ने कहा था। यह बात इसलिए भी गंभीर है क्योंकि साल 2002 में आया एससीओ का स्थापना चार्टर आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए परस्पर अंतःक्षेत्रीय प्रयासों की जरूरत पर केंद्रित था और एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी ढांचे के निदेशक मौजूद थे। एससीओ सचिवालय और चीनी विदेश मंत्री के बयान आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों और खतरों पर सहयोग जैसे नीरस बयानों तक सीमित रहे। अब सभी निगाहें एससीओ विदेश मंत्रियों की जुलाई की बैठक और अगस्त-सितंबर में एससीओ शिखर सम्मेलन पर यह देखने के लिए होंगी कि क्या भारत की चिंताओं का अधिक उपयुक्त ढंग से निवारण किया जाता है। नई दिल्ली को यह अध्ययन करना होगा कि क्या ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी द्वारा घोषित तीन सिद्धांतों वाले नए सामान्य (न्यू नॉर्मल) पर अपना संदेश पहुंचाने में कोई कमी रह गई है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Capt Kohli's spirit will forever echo in the mountains

